


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 विनेश फोगाट का भव्य स्वागत ...

तीन महीने के ब्रेक पर होंगी मनु भाकर , सीखेंगी यह 3 चीजें, कोच राणा हुए ... 11



वर्ष : 12 | अंक : 127 | पटना, रविवार,18 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 71,105

चांदी 81,500

सेंसेक्स 78,886

निफ्टी 24,117

# आतंकवाद, अतिवाद और अलगाववाद समाज के लिए गंभीर खतरा : मोदी

## तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में पीएम का आह्वान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल साउथ के देशों का आह्वान किया कि वे विकास संबंधी अपनी आशाओं, आकांक्षाओं एवं आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एकजुट हों तथा अपनी क्षमताओं एवं अनुभवों को साझा करके दो तिहाई मानवता को न्याय दिलाएं। श्री मोदी ने तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने उद्बोधन में यह आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा कि वह 140 करोड़ भारतीयों की ओर से, तीसरी वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में सभी का हार्दिक स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, पिछले दो सम्मेलनों में, मुझे आप में से कई साथियों के साथ मिलकर काम करने का अवसर मिला। मुझे खुशी है कि इस वर्ष, भारत में आम चुनावों के बाद, एक बार फिर आप सबसे इस मंच पर जुड़ने का अवसर मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि 2022 में, जब भारत ने जी-20 अध्यक्षता संभाली, तो हमने संकल्प लिया था कि हम जी-20 को एक नया स्वरूप देंगे। वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन एक ऐसा मंच बना, जहाँ हमने विकास से संबंधित समस्याओं और प्राथमिकताओं पर खुलकर चर्चा की जिसके आधार पर भारत ने ग्लोबल साउथ की आशाओं, आकांक्षाओं और प्राथमिकताओं पर आधारित जी -20 एजेंडा तैयार किया और एक समावेशी और विकास-केंद्रित रुख से जी-20 को आगे बढ़ाया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वह ऐतिहासिक क्षण था, जब अफ्रीकी संघ ने जी-20 में स्थायी सदस्यता ग्रहण की। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लआज हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब चारों ओर अनिश्चितता का माहौल है। दुनिया अभी तक कोविड के प्रभाव से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाई है। दूसरी ओर युद्ध की स्थिति



ने हमारी विकास यात्रा के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। हम जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना तो कर ही रहे हैं और अब स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा की चिंताएं भी हैं। आतंकवाद, अतिवाद और अलगाववाद हमारे समाजों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। टेक्नोलॉजी से जुड़ी नई आर्थिक और सामाजिक चुनौतियाँ भी सामने आ रही हैं। पिछले सदी में बने वैश्विक शासन और वित्तीय संस्थान इस सदी की चुनौतियों से लड़ने में असमर्थ रहे हैं। उन्होंने कहा, यह समय की मांग है, कि ग्लोबल साउथ के देश एकजुट होकर, एक स्वर में, एक साथ खड़े रहकर, एक दूसरे की ताकत बनें। हम एक दूसरे के अनुभवों से सीखें। अपनी क्षमताओं को साझा करें। मिलकर अपने संकल्पों को सिद्धि तक लेकर जाएं। मिलकर दो-तिहाई मानवता को मान्यता दिलाएं। श्री मोदी ने कहा, भारत, ग्लोबल साउथ के सभी देशों के साथ अपने अनुभव, अपनी क्षमताएं साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपसी व्यापार, समावेशी विकास, सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति, और महिला नीत विकास को बढ़ावा देना चाहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, बुनियादी ढांचा, डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी से हमारे आपसी सहयोग को बढ़ावा मिला है। मिशन लाइफ के अंतर्गत, हम न केवल भारत में, बल्कि साझीदार देशों में भी रूफ टॉप सोलर और नवीकरणीय ऊर्जा को प्राथमिकता दे रहे हैं। हमने वित्तीय समावेशन और अंतिम व्यक्ति तक डिलीवरी के अपने अनुभव को साझा किया है। ग्लोबल साउथ के विभिन्न देशों को यूपीआई से जोड़ने की पहल की है। शिक्षा, क्षमता निर्माण और कौशल विकास के क्षेत्रों में हमारी साझीदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### साबरमती एक्सप्रेस पत्थर से टकरा कर हुई बेपटरी, कोई नुकसान नहीं

नई दिल्ली/कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में गोविंदपुरी स्टेशन के निकट शनिवार तड़के वाराणसी से अहमदाबाद जा रही 19168 साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे गये बड़े पत्थर/बोल्डर से टकरा कर पटरी से उतर गयी हालांकि जानमाल का कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ। दुर्घटना के कारण कानपुर से झांसी का रेलमार्ग बाधित हो गया है। अनेक ट्रेनों को रद्द किया गया है अथवा मार्ग में परिवर्तन किया गया है। रेलवे ने कानपुर, प्रयागराज, टूंडला सहित कई स्टेशनों पर हेल्पलाइनें खोल दीं हैं। रेलवे बोर्ड ने भी घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। प्रथमदृष्ट्या मामला तोड़फोड़ एवं षड्यंत्र का होने की संभावना को देखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस एवं गुप्तचर ब्यूरो को जांच के लिए कहा गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, साबरमती एक्सप्रेस (वाराणसी से अमदावाद) का इंजन आज सुबह 02:35 बजे कानपुर के पास ट्रैक पर रखी किसी वस्तु से टकराकर पटरी से उतर गया। तीव्र चोट के निशान देखे गए हैं। साक्ष्य सुरक्षित हैं. आईबी और यूपी पुलिस भी इस पर काम कर रही है। यात्रियों या कर्मचारियों को कोई चोट नहीं आई। यात्रियों के लिए अमदावाद की आगे की यात्रा के लिए ट्रेन की व्यवस्था की गई।

### भाजपा एक सितंबर से शुरू करेगी राष्ट्रीय सदस्यता अभियान

नई दिल्ली। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू करने से पहले एक सितंबर से देशभर में पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को शुरू करने जा रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर शुक्रवार को देर रात हुई महासचिवों की बैठक में यह फैसला किया गया। भाजपा में सदस्यता अभियान के बाद ही संगठन के चुनाव करवाए जाते हैं। पार्टी के संविधान के अनुसार सदस्यता अभियान के बाद मंडल,जिला और राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अध्यक्ष का चुनाव होता है। इसके साथ ही नड्डा के आवास पर शुक्रवार को देर रात हुई बैठक में शनिवार को दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय पदाधिकारी की बैठक के एजेंडे पर भी मुहर लगाई गई। आपको बता दें कि, भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की अहम और महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को दोपहर दो बजे दिल्ली में होनी है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह के अलावा पार्टी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, राज्यों के प्रभारी, सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महासचिव भी इस बैठक में शामिल होंगे।

### संसद में लोक लेखा समिति के अध्यक्ष बनाए गए केसी वेणुगोपाल

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन से जुड़ी महत्वपूर्ण समितियों के अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी है। परंपरा के मुताबिक, संसदीय व्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाली समिति लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद केसी वेणुगोपाल को नियुक्त किया गया है। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी किए गए बुलेटिन पार्ट -2 के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ने वर्ष 2024-25 के लिए केसी वेणुगोपाल को लोक लेखा समिति का सभापति नियुक्त किया है। इस समिति में लोकसभा से 15 और राज्य सभा से 7 सांसद यानि कुल मिलाकर अध्यक्ष सहित 22 सांसद शामिल हैं।

**मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल परिसर का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने का दिया निर्देश**

# पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बन गया है राजगीर : नीतीश

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राजगीर खेल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंडोर और आउटडोर स्टेडियम के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्पोर्ट्स एकेडमी सह निमार्णाधीण स्टेडियम का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बचे हुये निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि इस खेल अकादमी में विश्वस्तरीय सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्यों को पूर्ण करें। यह अकादमी देश के लिए अनोखी और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। यहां कई खेलों के ट्रेनिंग सेंटर के अलावे विश्वस्तरीय खेल पुस्तकालय भी होगा। इन प्रयासों



से राज्य में खेल का वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी साथ ही प्रतिभावान युवकों को अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राजगीर ऐतिहासिक स्थल है। यहां सभी प्रकार की सुविधाओं का इंतजाम किया गया है।

बड़ी संख्या में यहां पर्यटक आते हैं। राजगीर अब पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बन गया है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, पूर्व विधायक चन्द्रसेन कुमार, पूर्व विधायक ई सुनील, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रन शंकरन, पटना प्रमंडल के आयुक्त मयंक बरबरे, पटना प्रक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक गरिमा मल्लिक, नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, नालंदा के पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# निर्माणाधीन सुल्तानगंज-अगुवानी घाट गंगा पुल का सुपर स्ट्रक्चर धराशायी

## 2015 से चल रहा है निर्माण कार्य, 2026 में पुल को चालू करने का लक्ष्य

प्रात : किरण

भागलपुर/एजेंसी। बिहार के भागलपुर जिले में शनिवार सुबह करोड़ों रुपए की लागत से निमाणार्धीन सुल्तानगंज-अगुवानी घाट गंगा पुल का सुपर स्ट्रक्चर अचानक धराशायी हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि निमाणार्धीन सुल्तानगंज -अगुवानी घाट गंगा पुल के पाया संख्या नौ और 10 के बीच का सुपर स्ट्रक्चर सपोर्ट सिस्टम एक जोरदार आवाज के साथ शनिवार सुबह गिर गया और गंगा में समा गया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस पुल का निर्माण एसपी सिंगला कंपनी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि इस हादसे के बाद पुल के निमार्ण कार्य को रोक दिया गया है। कंपनी, राज्य पुल निर्माण निगम के अधिकारी और जिला प्रशासन के लोग मौके पर पहुंच गए हैं। गौरतलब है कि 1710.77 करोड़ रुपए की लागत वाले इस गंगा पुल का निर्माण कार्य 2015 से चल रहा है। वर्ष 2014 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा इसका शिलान्यास किया गया था।



इससे पूर्व वर्ष 2022 में पुल का पाया संख्या पांच और वर्ष 2023 में पाया संख्या नौ,10,11,12 का सुपर स्ट्रक्चर धराशायी हो गया था। इसके बाद इस पुल के चालू होने की अवधि बढ़ती जा रही है। वर्ष 2026 में पुल को चालू करने का समय निर्धारित किया गया है, लेकिन इस हादसे के बाद इसमें भी संशय उत्पन्न हो गया है।

**तीन बार गिरा पुल का स्ट्रक्चर:** पहली घटना 30 अप्रैल 2022 को हुई थी। भागलपुर-अगुवानी पुल का पिलर 4 और 6 को जोड़ने वाला 36 सेंगमेंट हवा में झोंके के कारण नदी में समा गया था। दूसरी घटना 5 जून 2023 की है। इस दिन पिलर संख्या 11,12 और 13 को जोड़ने वाला सुपर स्ट्रक्चर ध्वस्त हो गया था। एक बार फिर 17 अगस्त को पुल की पिलर संख्या 9 का सुपर स्ट्रक्चर गंगा में समा गया है। एसपी सिंघला कंपनी करा रही निमार्णः इस पुल का निर्माण एसपी सिंघला कंस्ट्रक्शन कंपनी करा रही है। कंपनी ने दावा की थी कि अगले साल इस पुल को चालू कर दिया जाएगा लेकिन पुल का स्ट्रक्चर गिरने के कारण गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले भी पुल का स्ट्रक्चर गिरा है।

**कोर्ट तक पहुंचा था मामला:** साल 2022 में जब पुल गिरा था। उस समय आईआईटी रुड़की, मुंबई और खड़गपुर की टीम आकर जांच की थी। निर्माण कंपनी के अधिकारी ने अश्वासन दिया था कि निर्माण की गुणवत्ता में सुधार कर काम आगे बढ़ाया जाएगा लेकिन ठीक एक साल बाद 2023 में फिर पुल का स्ट्रक्चर गिर गया। इस मामले में पटना हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि कंपनी अपने खर्च पर फिर से क्षतिग्रस्त हिस्सा का निर्माण नई डिजाइन के मुताबिक कराएगी। लेकिन क्षतिग्रस्त हिस्सा का अब तक काम शुरू नहीं हुआ है।

# चिकित्सकों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवा बूरी तरह प्रभावित

## ओपीडी ठप रहने से मरीज दिन भर रहें हलकान

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। पश्चिम बंगाल के कोलकाता आर जी कर मेडिकल कॉलेज में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के मामले को लेकर आंदोलन और तेज हो गया है। घटना के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ( आईएमए) के आह्वान पर देशभर के अस्पतालों में 24 घंटे की हड़ताल से ओपीडी सेवा पूरी तरह प्रभावित रहा। मरीज व उनके परिजन दिन भर हलकान रहें। प्रदेश की राजधानी में पीएमसीएच, एनएमसीएच सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में सुबह से ही ओपीडी सेवा प्रभावित रही। रेजीडेंट डाक्टरों ने मेडिकल संबंधित कार्यो का बहिष्कार कर दिया। प्रदेश के विभिन्न सरकारी अस्पतालों के अलावा लैब, पैथोलॉजी सेंटरों पर भी ताला लगा हुआ दिखा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बिहार व क्षेत्रीय इकाईयों के पदाधिकारियों ने कोलकाता में महिला डाक्टर के साथ हुई दर्दनाक घटना के संबंध में




शनिवार को राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया है, जिसका असर राजधानी समेत प्रदेश के कई अस्पतालों में स्पष्ट दिखायी दे रहा है। पटना के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच में भी मरीज दिन भर इलाज के लिए भटकते रहें। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हड़ताल का असर सुबह से ही देखने को मिल रहा है। हड़ताल के कारण छोटे-छोटे नौनिहाल बच्चों इलाज के लिए परिजन दिन भर भाग दौड़ करते रहे। डॉक्टर के हड़ताल का असर मरीज के वार्डो में भी दिखा। कई मरीज इलाज के अभाव में वार्ड में तड़पते रहें। डॉक्टर के नहीं रहने से कई मरीज अस्पताल छोड़कर निजी अस्पताल का रूख किये। कमोबेश यह स्थिति राजधानी पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान और एम्स में भी दिखा। एम्स में भी जूनियर डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। इधर, ओपीडी सेवा बाधित होने के कारण मरीज और तीमारदारों में आक्रोश है। गर्दनीबाग अस्पताल में भी डॉक्टरों के हड़ताल का असर देखने को मिला। यहां पर काउंटर पर कई लोगों को हड़ताल के नाम पर लौटाया जा रहा था। मरीज और तीमारदारों का कहना है कि हड़ताल के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ¬

**केंद्र सरकार ने डॉक्टरों से जल्द से जल्द काम पर लौटने की अपील की :** केंद्र सरकार ने इस मामले में सक्रियता दिखाते हुए डॉक्टरों से जल्द से जल्द काम पर लौटने की अपील की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि फोर्डा, आईएमए और सरकारी अस्पतालों के आरडीए की तरफ से बताई गई चिंताओं के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्रालय उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक कमेटी का गठन कर रहा है। यह कमेटी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर सभी संभव कदमों का ब्योरा देगी।

**राज्य सरकार ने रक्षा बंधन के अवसर पर महिलाओं को दी बड़ी सौगात**

# रक्षा बंधन : महिलाओं व छात्राओं के लिए पटना में सिटी बसों की यात्रा मुफ्त

## सुबह 6 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक मिलेगी यह सुविधा

प्रात : किरण

पटना। नीतीश कुमार की सरकार ने रक्षा बंधन के मौके पर महिलाओं और छात्राओं को बड़ा तोहफा दिया है। राखी के दिन पटना में चलने वाली सिटी बसों में यात्रा इनके लिए मुफ्त रहेगी। सिटी बस से पटना में कही भी ये बिना टिकट लिये यात्रा कर सकेंगी। 19 अगस्त को रक्षा बंधन है इस दिन बिहार राज्य पथ परिवहरण निगम की सभी सरकारी सिटी बसों में सफर करने वाली महिलाओं और युवतियों को टिकट नहीं लगेगा।

यह सुविधा सुबह 6 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक मिलेगी। परिवहन विभाग मंत्री शीला कुमारी के निर्देश पर पटना शहरी क्षेत्रों में रक्षाबंधन पर महिलाओं एवं छात्राओं को निःशुल्क यात्रा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सिटी सर्विस की बसों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने एवं सुरक्षित सफर के लिए रक्षाबंधन पर विशेष



सुविधा प्रदान की जाएगी। महिलाओं को सुविधा प्रदान करने हेतु सभी बसों में पूर्व से ही 65 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित किये गए हैं। परिवहन विभाग रक्षाबंधन के दिन 19 अगस्त को महिलाओं को एक सौगात देने जा रहा है। इस दिन महिलाएं एवं छात्राएं बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सिटी सर्विस की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। बस में सफर करने के लिए उन्हें किसी तरह का कोई शुल्क नहीं देना होगा। रक्षाबंधन के दिन पथ परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों में यात्रा करने वाली महिलाएं व छात्राओं को फ्री बस की सुविधा सुबह 6:00 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक मिलेगी। बिहार राजपथ परिवहन निगम की पटना नगर बस सेवा के मार्ग संख्या 111, 111अ, 222, 444, 555, 666, 888, 888अ 100, 200, 999 एवं पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से परिचालित बसों में निः शुल्क यात्रा कर सकती हैं। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा राजधानी में कुल 135 सिटी सर्विस की बसों का परिचालन किया जा रहा है। इसमें 25 इलेक्ट्रिक एवं शेष सभी सीएनजी बसें हैं। इन सभी बसों में रक्षाबंधन के दिन महिलाओं एवं छात्राओं के लिए बस सेवा पूरी तरह फ्री रहेगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अभय झा ने बताया कि 2018 से पटना शहर के विभिन्न मार्गों पर बिहार राजपथ परिवहन निगम के द्वारा सिटी बस सेवा का परिचालन किया जा रहा है। सिटी बसों का उपयोग महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में किया जाता है और महिलाओं के बीच सिटी बस सेवा काफी लोकप्रिय है। सभी बसों में 65 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित किये गए हैं। बसों में सफर के दौरान महिलाएं सुरक्षित महसूस कर सकें इसके लिए बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किये गए हैं।

**विमोचन** **पुस्तक में केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लाए गए परिवर्तनकारी बदलावों को दर्शाया गया**

# अमित शाह ने मोदी सरकार पर लिखी तरुण चुग की पुस्तक का किया विमोचन

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा नेता तरुण चुग द्वारा लिखी गयी एक पुस्तक का विमोचन किया, जिसके बारे में लेखक ने शनिवार को कहा कि इसमें (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लाए गए परिवर्तनकारी बदलावों को दशार्या गया है, जिसमें चुनावी राज्य जम्मू-कश्मीर भी शामिल है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव चुग ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हर योजना और नीति के केंद्र में आम नागरिकों को रखा है, ऐसे



बदलावों की शुरूआत की है जिससे समाज के सबसे कमजोर और गरीब तबके को सशक्त बनाया गया है तथा देश को भी मजबूती मिली है।

चुग ने कहा कि पुस्तक मोदीज गवर्नेंस ट्रायम्फः रीशेपिंग इंडियाज पाथ टू प्रॉसपेरिटी प्रधानमंत्री के दशकों लंबे सार्वजनिक जीवन से प्रेरित है जो हमेशा देश के लिए समर्पित रहा है। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत के कारण लंबे समय तक इस क्षेत्र पर शासन करने वाले तीन परिवार अपने भविष्य की संभावनाओं को लेकर हिल गए हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के युवराज उमर अब्दुल्ला और पीडीपी की राजकुमारी महबूबा मुफ्ती हालिया लोकसभा चुनावों में हार गए, जबकि नेहरू-गांधी परिवार की कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल पायी। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश में विकास और प्रशासनिक क्षमता की शुरूआत की है, जिससे इस क्षेत्र में जीवन के केंद्र में आतंकवाद नहीं बल्कि पर्यटन आ गया है। चुग ने कहा, बड़ी संख्या में लोगों द्वारा मतदान का बहिष्कार करने के कारण सत्ता में आए लोग हिल गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। वह जम्मू-कश्मीर के लिए भाजपा के प्रभारी भी हैं। पुस्तक के कथानक की बात करें तो इसमें विस्तार से बताया गया है कि किस तरह मोदी ने भाजपा के विचारक दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन और समाज के सबसे गरीब लोगों के उत्थान को साकार किया है। उन्होंने विभिन्न अन्य योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि गरीबों के 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं और उनमें से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

# पहलवान विनेश फोगाट ने बजरंग पुनिया साक्षी मलिक के साथ दिल्ली में किया रोड शो

नई दिल्ली/एजेंसी। पहलवान विनेश फोगट ने पेरिस ओलंपिक से लौटने के बाद शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में रोड शो किया। रोड शो में बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी मौजूद थे।साक्षी मलिक ने कहा, विनेश ने देश के लिए जो किया है, वह बहुत कम लोग कर पाते हैं। उन्हें और अधिक सम्मान और सराहना मिलनी चाहिए। इस बीच, बजरंग पुनिया ने कहा, देशवासी उन्हें जबरदस्त प्यार दे रहे हैं, आप देख सकते हैं कि देश ने उनका कैसे स्वागत किया।

इससे पहले शनिवार को पहलवान विनेश फोगट दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। पेरिस से लौटने पर विनेश ने कहा, मैं सभी देशवासियों का शुक्रिया अदा करती हूं, मैं बहुत भाग्यशाली हूं। पेरिस ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली वह पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं। हरियाणा में जन्मी यह पहलवान एयरपोर्ट के बाहर निकलने के बाद भावुक हो गई और फूट-फूट कर रोने लगी। हालांकि, 50 किलोग्राम के स्वर्ण पदक मुकाबले में विनेश को अयोग्य घोषित कर दिया गया, क्योंकि उनका वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया। बुधवार को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट ने संयुक्त रजत पदक दिए जाने की उनकी याचिका खारिज कर दी। अयोग्य घोषित किए जाने के एक दिन बाद 8 अगस्त को उन्होंने कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी। 29 वर्षीय विनेश का स्वागत करने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर भारी भीड़ उमड़ी।

## संक्षिप्त खबरें

### मजदूर से मारपीट कर मोबाइल और पैसे छीने

फतुहा। बीते शुक्रवार की रात अपने घर जा रहे एक दैनिक मजदूर से बदमाशों ने मारपीट कर मोबाइल फोन व चार हजार रुपए छीन लिए। बदमाशों ने पीड़ित मजदूर के साथ मारपीट व हाथापाई भी की जिसमें मजदूर का एक हाथ टूट गया। जानकारी होते ही 112 की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा घायल मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि दैनिक मजदूर सोनारु गांव निवासी दिलीप कुमार अपने काम खत्म कर रसलपुर सोनारु ग्रामीण पथ के रास्ते अपने घर जा रहा था तभी बाइक सवार दो बदमाश उसे घेर लिया तथा मारपीट करते हुए पैसे व मोबाइल छीन लिया। छीना झपटी के क्रम में बदमाशों से उसकी हाथापाई हो गयी जिससे उसकी एक हाथ टूट गयी। पीड़ित दिलीप कुमार ने थाने में बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीन देशी कट्टा व15 जिंदा कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

दानापुर नगर के। शाहपुर थाना क्षेत्र के गस्ती पुलिस ने विगत देर रात शिवाला से उसरी जाने वाले मार्ग में संदिग्ध अवस्था में खड़े दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान गिरफ्तार बदमाशों के पास से 3 देशी कट्टा व पिस्टल एवं 15 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि शिवाला से उसरी के तरफ जाने में रास्ते में केशो साह के मिष्ठान दुकान के पास दो व्यक्तियों को संदिग्ध स्थिति में देखा गया। पुलिस की गाड़ी देखते ही वे भागने लगे। जिसे उपस्थित बल के द्वारा पकड़ लिया गया। जब उनकी तलाशी ली गई उनके पास से 1 देशी कट्टा, 1 देशी पिस्टल, 1 अर्द्धनिर्मित देशी कट्टा, 15 जिंदा गोली, 1 मिस फायर गोली, 2 मैगजीन तथा 21 विभिन्न साईज का पुराना खोखा तथा दो मोबाईल बरामद किया। पकड़े गये बदमाश अरुण कुमार व आकाश कुमार है जो उसरी शाहपुर के रहने वाले है। उन्होने बताया कि दोनों आरोपितों से पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।

### गुड्डू बने खुशरूपुर के मुख्य पार्षद

पटना सिटी (प्राकि)। राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में और जिलाधिकारी के निर्देश पर खुसरूपुर नगर पंचायत में मुख्य पार्षद का चुनाव कराया गया। कराए गए चुनाव में वार्ड सात के पार्षद गुड्डू कुमार निर्विरोध मुख्य पार्षद निर्वाचित हुए। जिला भू अर्जन पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी रंजन कुमार चौधरी ने बताया कि चुनाव में दो उम्मीदवार वार्ड सात के पार्षद गुड्डू कुमार और वार्ड तीन के पार्षद माणिक लाल प्रसाद ने नामांकन का परचा दाखिल किया था। भू-अर्जन अधिकारी के अनुसार बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 व संशोधित अधिनियम 2022 के धारा 25 पांच के तहत माणिक लाल प्रसाद को योग्य नहीं पाए जाने की स्थिति में उनका नामांकन रद्द हो गया। इसके बाद गुड्डू कुमार को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। चुनाव में नगर पंचायत के दस पार्षद उपस्थित थे।

### शाम में शुरू हो गया इमरजेंसी सेवा

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के पदाधिकारी की रजामंदी के बाद शाम पांच बजे से इमरजेंसी सेवा चालू कर दिया गया। दरअसल प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी ने धरना के दौरान वरीय चिकित्सकों और जेडीए के बीच मार्मिक तौर पर अपील की थी कि हम भी डॉक्टर हैं। भले हम पर हमला होता हो, मगर हम भी दूसरों के जान बचाने का काम करते हैं। भले हम ओपीडी बाधित रखें, मगर इमरजेंसी सेवा को चालू रखना हमारा परम कर्तव्य है। इसके बाद शाम से इमरजेंसी सेवा शुरू हो गया। अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह और उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने इमरजेंसी सेवा शुरू करने पर राहत की सांस ली है और जेडीए के पदाधिकारी और उसकी टीम को इसके लिए सराहना की है।

# तख्तश्री कमेटी के महासचिव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को नोटिस



● पांच सदस्यों ने लिखित में 13 को दिया, कार्यकाल पूरा, सूचना गलत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पांच सदस्यों ने महासचिव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इसमें महासचिव पर आरोप लगाते हुए उन्हें इस पद केलिए अक्षम बताया गया है। पत्र की प्रतिलिपि अध्यक्ष को भी सूचनार्थ दी गई है। 13 अगस्त, 24 को पत्रांक तपस/3/322/24 के द्वारा प्रबंधक कमेटी की आपातकालीन बैठक बुलाने के लिए अध्यक्ष के द्वारा परामर्श देते हुए निर्देश दिया गया था। मगर आपने बैठक नहीं बुलायी और आपके द्वारा छह मई, 24को पत्र संख्या तपस 15/260/24 के माध्यम से अपने चल रहे इलाज, देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के कारण सदस्यों के पटना पहुंचने में असमर्थता आदि कारण बताते हुए जल्द ही प्रबंधक कमेटी की बैठक बुलाने के लिए लिखित रूप में पत्र दी गई थी। आप पत्र देने के बाद भी काफी समय तक तख्त साहेब में रह कर अपनी सेवाएं देते रहे। लोकसभा का चुनाव समाप्त हो चुका है और रिजल्ट भी आ गया है। फिर भी आपके द्वारा अबतक लिखित रूप में दिए गए एजेंडा पर प्रबंधक कमेटी की बैठक बुलाने के लिए पत्र जारी नहीं किया गया है, जो उचित नहीं है। इसके बाद पुनः आपको पांच जून, 24 को पत्र तपस 3/277/24 के द्वारा प्रबंधक कमेटी की आपातकालीन बैठक बुलाने के लिए अध्यक्ष के द्वारा दिया गया था, परन्तु आपके द्वारा फिर बैठक नहीं बुलायी गई। आपके द्वारा आठ जून, 24 को पत्र संख्या तपस 3/280/24 के द्वारा आपने किसी रिश्तेदार के अकाल चलाना कर जाने के कारण पंजाब जाने का हवाला देते हुए और वरीय उपाध्यक्ष के पैर की हड्डी टूट जाने के कारण आने में असमर्थता बताते हुए पंजाब से आने के बाद प्रबंधक कमेटी की बैठक बुलाने के लिए लिखित रूप में पत्र दिया था। आपके पंजाब से वापस आने के बाद भी काफी समय तक तख्त साहेब में रहे। इस दौरान वरीय उपाध्यक्ष भी तख्त साहेव पहुंचे, परन्तु आपके द्वारा अध्यक्ष के द्वारा दो बार लिखित रूप में देने के बाद भी प्रबंधक कमेटी की आपातकालीन बैठक बुलाने के लिए अबतक पत्र जारी नहीं किया गया है, जो उचित नहीं है। आपको यह भी पता ही है कि प्रबंधक कमेटी की पिछली बैठक 8 फरवरी, 24 को हुई है और तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के संविधान और उपनियम की धारा 21 के अनुसार हर दो महीने पर नियमानुसार प्रबंधक कमेटी की बैठक होनी जरूरी है। आपको अध्यक्ष के द्वारा दो बार लिखित रूप में प्रबंधक कमेटी की आपातकालीन बैठक बुलाने के लिए पत्र देने के बाद भी अबतक पत्र जारी नहीं करना आपके द्वारा की जा रही मनमानी को दशार्ता है। आपके खिलाफ प्रबंधक कमेटी के निर्देश और नियम के विरुद्ध काम करने की अनेक शिकायतें पहले भी पहुंची है और अब भी मिल रही हैं। आपके द्वारा तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के संविधान की धारा 76 (सी) में दी गई ड्यूटी टी और जिम्मेवारी का ईमानदारी के साथ पालन नहीं करना, जिसमें प्रबंधक कमेटी के द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देश और जिम्मेवारी को नहीं निभाना या मानना आपके द्वारा की जा रही अनुशासनहीनता को दशार्ता है। इसलिए आपके ऊपर योग्य कार्रवाई करने के लिए आपके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर सहमति बनी है। उक्त सारे मसले और मौजूदा हालात को मुख्य रखते हुए मजबूर होकर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के संविधान और उपनियम की धारा 25 के अनुसार प्रबंधक कमेटी की बैठक बुलाने के लिए आपको निवेदन किया जाता है। आप समय अनुसार प्रबंधक कमेटी की बैठक बुलाने के लिए पत्र जारी करेंगे। एजेंडा में पिछली बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि, महासचिव के द्वारा प्रबंधक कमेटी के निर्देश और नियम के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों को मुख्य रखते हुए बार-बार अनुशासनहीनता करने के कारण योग्य कार्रवाई करते हुए अविश्वास प्रस्ताव रखने/लाने पर विचार और स्वीकृति और फुटकर अध्यक्ष के आदेश से होगा। दूसरी ओर पूर्व महासचिव चरणजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान कमेटी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। ऐसे में कमेटी का चुनाव कराने, बजट पास कराने और धार्मिक मयार्दा के काम को अबाधित रूप से चलाना है। मगर चुनाव कराने की बात नहीं कर किसी भी पदाधिकारी को हटाने को अविश्वास प्रस्ताव लाना हास्यास्पद है। एक तरफ चुनाव कराने और दूसरी तरफ इसे रोकने और लंबे समय तक टालने के लिए गोलक के रुपए की बबार्दी की जा रही है। जिनका महासचिव से गलत कार्य के लिए दबाव पर जब काम नहीं हुआ, तो गलत ढंग से अविश्वास प्रस्ताव लाने को पांच सदस्यों के हस्ताक्षर से नोटिस दे दिया। वैसे भी जिस तरह से उन्हें सदस्य कानूनीरूप से लाने के लिए किया गया, वैसा हरपाल सिंह जौहर को वापस सदस्य बनाने और उन्हें सदस्यता से मुक्त किए जाने को जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं की गई।इस कारण से भी श्री जौहल का हस्ताक्षर मान्य नहीं है।

## पावरग्रिड द्वारा बिहार के सारण एवं सीवान में 10 एलईडी हाइ मास्ट लाइट लगवाए जाएंगे



प्रात :किरण संवाददाता

पटना । पावरग्रिड ने सीएसआर के अंतर्गत बिहार के सारण एवं सीवान जिलें मे 10 एलईडी हाइ मास्ट लाइट लगवाने के लिये उ.प्र. लघु उद्योग निगम (यूपीएससीआईसीएल) एवं जिला प्रशासन सारण के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय पटना में पावरग्रिड की ओर से रजत प्रसाद, महाप्रबन्धक (मानव संसाधन), प्रणय कुमार वरीय उप महाप्रबन्धक (सीएसआर) उ.प्र. लघु उद्योग निगम (यूपीएससीआईएल) के एरिया मैनेजर, अजय कुमार एवं जिला प्रशाशन की ओर से रवि प्रकाश, प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा सारण मौजूद थें। सारण एवं सीवान जिलों के 10 सार्वजनिक स्थलों पर लगभग 72 लाख की लागत से 10 एलईडी हाइ मास्ट लाइट लगवाए जाएंगे।

## छह सफाई मित्रों को नहीं मिला नाला उड़ाही का 12 दिन का पारिश्रमिक



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम के वार्ड 60 के वार्ड कार्यालय में अजीमाबाद अंचल के नाला उड़ाही में कार्य किए गए सफाई मित्रों ने प्रदर्शन किया। उनका 12 दिन का पारिश्रमिक भुगतान नहीं मिलने के कारण पार्षद कार्यालय का घेराव किया। घेराव कर रहे सात सफाई मित्रों अजय कुमार राम, हरिहर सहनी, राजू कुमार दास, सत्येंद्र दास, राजबल्लभ साहू, संजीत कुमार मलिक व धीरज कुमार ने कहा कि 12 दिन का नाला उड़ाही का भुगतान अभी तक नही मिला है। लगभग तीन महीना से हम सभी सफाई मित्र सफाई निरीक्षक एवं वार्ड पार्षद के कार्यालय में दौड़-दौड़ के थक चुके हैं। सफाई निरीक्षक प्रह्लाद कुमार का कहना है कि लगभग तीन माह पूर्व सात सफाई मित्रों का बिल बनाकर निगम को दे दिया गया है।पूर्व पार्षद सह पार्षद प्रतिनिधि बलराम चौधरी ने कहा कि सफाई मित्रों का कहना सही है कि लगभग तीन माह से इन सबों का भुगतान नहीं मिलने के कारण आक्रोश है। सफाई मित्रों का बकाया के भुगतान के लिए अनेक बार अजमीबाद अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी को सूचना देने के बावजूद भी अभी तक भुगतान हुआ है, जबकि अंचल में नाला उड़ाही का पैसा पड़ा हुआ है। ऐसे में कोई भी सफाई मित्र को मेहनत मजदूरी किया हुआ समय पर भुगतान नहीं होने से लोगों में आक्रोश वाजिब है। ऐसे में नगर निगम की छवि खराब होती है। निगम पार्षद शोभा देवी ने कहा है कि सफाई मित्रों को 12 दिन का पारिश्रमिक बकाया है। यथाशीघ्र नगर आयुक्त से बात कर दिलवाने का काम करेंगी।

## आईसीएसई बोर्ड इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



जीजस एंड मेरी एकेडमी को आईसीएसई बोर्ड ने बिहार राज्य के जोनल स्तर पर अंतर्विद्यालीय योगा प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर दिया। यह प्रतियोगिता यू-14, यू-17 और यू-19 में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग श्रेणी में आयोजित की गई थी। विद्यालय की प्राचार्या पूजा एन शर्मा एवं उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि पादरी की हवेली महागिरजाघर के पल्ली पुरोहित फादर प्रवीण लोबो एवं जज की भूमिका में मधुमाला जी थीं। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक एवं अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एम्ब्रोस पैट्रिक ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। अतिथियों व योग प्रशिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप जला कर आयोजन की शुरूआत की। विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर विद्यालय की प्राचार्या पूजा एन शर्मा एवं उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक ने उत्साह वर्धन किया। समूह श्रेणी (यू-14) में लड़के और लड़कियों दोनों में डान बास्को एकेडमी, दीघा और (यू-17) समूह श्रेणी में लड़के और लड़कियों दोनों में जीजस एंड मेरी एकैडमी, पटना सिटी विजेता रहे। लड़कों के व्यक्तिगत श्रेणी (यू-14) से जीजस एंड मेरी एकेडमी, पटना सिटी के तेजस लोहानी एवं लड़कियों के व्यक्तिगत श्रेणी (यू-14) से कृष्णा झा, डान बास्को एकेडमी, दीघा विजेता घोषित हुई। वहीं लड़कों के व्यक्तिगत श्रेणी (यू-17) से जीजस एंड मेरी एकेडमी, पटना सिटी के अनुज कुमार विजेता घोषित हुए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या पूजा एन शर्मा ने कहा कि जो योग कालांतर में विलुप्त होने के कगार पर चली गई थी, 21वीं सदी में वह पुनर्जीवित हो गई। इसका सबसे बड़ा प्रमाण 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाना है। यह विद्या मानव को असहाय बीमारी से छूटकारा दिलाने में कारगर साबित हो रहा है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय के निदेशक एवं उपनिदेशक ने आगत अतिथियों का आभार प्रकट किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को पमाणप्रत्र देकर इस प्रतियोगिता की समाप्ति की घोषणा की गई।

## छात्र-छात्राओं के बीच आयोजित हुआ राखी प्रतियोगिता



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जीजस एंड मेरी एकेडमी हाजीगंज के छात्रा-छात्राओं के बीच सावन मास के समापन के पूर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक राखी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें सभी छात्रा-छात्राओं ने राखी बनाए। इस महोत्सव ने इस भावना को उजागर किया कि प्रेम एवं सहयोग सिर्फ रक्त संबंध पर ही आधारित नहीं होता, बल्कि यह जाति एवं धर्म से ऊपर होता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं चयन मंडली के रूप में माड़वाड़ी महिला समिती सिटी की अध्यक्ष विनीता डोकानिया, सचिव पूजा माखड़िया एवं बाल विकास प्रमुख काजल सिंघानिया उपस्थित रहीं।उनलोगो ने बच्चों को राखी त्योहार के महत्व के बारे में बताया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से प्रथम पुरस्कार मायरा पैट्रिक, द्वितीय ओम्या एवं तृतीय उज्जवल गुप्ता को मिला। सब-सीनियर ग्रुप से प्रथम मनीष कुमार, द्वितीय तेजस कुमार एवं तृतीय पुरस्कार माही प्रिया को मिला। सीनियर ग्रुप से प्रथम अदिति टंडन, द्वितीय असिफा खलिक एवं तृतीय पुरस्कार रागिनी गुप्ता को मिला। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या पूजा एन शर्मा के नेतृत्व में शिक्षिका अर्चना ठाकुर एवं मेघा मलहर ने किया। निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक एवं उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक ने भाई-बहन के प्रेम को जगाने वाले इस कार्यक्रम को हर साल विद्यालय में मनाने का आश्वासन दिया। साथ ही यह बताया कि इस तरह का त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला होता है।

## वरीय चिकित्सक व जेडीए मिल कर निकाला आक्रोश मार्च

### लगातार एनएमसीएच में आपात सेवा ओपीडी व आपरेशन बाधित



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शनिवार को भी जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के द्वारा कार्य बहिष्कार जारी रहा। वहीं नेशनल आईएमए के आह्वान पर भी यहां वरीय चिकित्सक कार्य से अलग रहे। नतीजतन एनएमसीएच में मरीजों के लिए कोई काम नहीं हो पाया। इस दौरान सेंट्रल इमरजेंसी गेट के पास वरीय चिकित्सकों और जेडीए के लोगों ने धरना देकर सभा किया। इस दौरान नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्ज डॉक्टर उषा कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि निश्चित तौर पर कोलकाता की घटना निंदनीय है। हम लोगों को निश्चित तौर पर इसका प्रतिकार करना चाहिए। मगर हमें मरीज हित का भी ध्यान रखना है। भले हम ओपीडी सेवा को बाधित कर रहे हैं, मगर इमरजेंसी को कहीं से बाधित करना सही नहीं है। मैं आप सबों का गार्जियन होने के नाते अपील करती हूं कि कम से कम आपात सेवा को शुरू कर दिया जाए। इस दौरान अस्पताल के विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा, डॉक्टर सत्येंद्र कुमार शर्मा, डॉक्टर पीडी वर्मा, डॉक्टर अनिता कुमारी, डॉ मोतीलाल दास, डॉक्टर बिजॉय कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ सीपी जायसवाल, डॉक्टर सरोज कुमार आदि चिकित्सकों ने अपनी वेदना का इजहार किया। साथ ही आए दिन चिकित्सा व उसके कर्मियों पर हो रहे हमले को भी निंदनीय कहा। दूसरी और नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का मेन गेट आज बिल्कुल भी नहीं खुला। प्रवेश द्वार से किसी भी तरह के वाहन को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया। लगातार दूसरे दिन भी सेंट्रल रजिस्ट्रेशन काउंटर नहीं खुला। मरीजों को अंदर नहीं जाने दिया गया, जो भी चिकित्सक या अस्पताल के कर्मी थे, वह पीजी हॉस्टल की ओर से अंदर जाने और बाहर निकलने का काम कर रहे थे। यहां वरीय चिकित्सकों और जेडीए के लोगों ने मिलकर प्रोटेस्ट मार्च निकाला। सेंट्रल इमरजेंसी में रहे मरीजों को वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर शिशु वार्ड के इमरजेंसी में महज तीन बच्चे रह गए हैं। यहां थोड़ा भी ठीक हुए बच्चे को नाम काट कर भेज दिया जा रहा था।

## कांग्रेसी नेता स्व प्रमोद सिन्हा को दी गई सर्वदलीय श्रद्धांजलि



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नून का चौराहा स्थित अवध उत्सव हाल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिन्हा के निधन पर शोकसभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने स्वर्गीय सिन्हा के संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता है। जिस प्रकार से कांग्रेस में रह कर निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते रहे और छोटा या बड़ा जो कार्यक्रम पार्टी का रहा, उसमें बढ-चढ़ कर भाग लिया करते थे। मगर पार्टी की ओर से जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह उन्हें नहीं मिला। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सभी दल के नेताओं और कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राजकुमार राजन, परवेज अहमद, मो हनीफ शेख, डॉ एकबाल अहमद, लाला प्रकाश, सुजीत कुमार कसेरा, सरदार जगजीत सिंह, वार्ड पार्षद मनोज मेहता, रजनीश कुमार राय, अवधेश कुमार सिन्हा, शमीम अख्तर, हरिहर प्रसाद सिन्हा, फिरोज हसन, पप्पू द्विवेदी, गणेश मिश्रा, बलराम चौधरी, संजय अलबेला, अभिषेक कुमार रिंकू, प्रमोद सिन्हा, मो साबिर अली, अशोक यादव, सुदामा सिन्हा, दिव्य राज विनायक, अभिताभ, रितुराज सिन्हा सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र प्रसाद मन्ना ने किया।

## मृतक के परिजनों की सुध लेगा भाजपा परिवार : डॉ दिलीप जायसवाल

### विधानसभा अध्यक्ष ने मृतक के परिजनों को दिया सांत्वना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव और बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल मृतक अजय साह के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। साथ ही आश्वासन दिया कि पूरा भाजपा परिवार आपके साथ है। प्रशासन जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर सजा दिलाने का काम करेगी। मृतक के परिवार का भाजपा ने केवल अभी, बल्कि आगे भी ख्याल रख सुध लेगी। ज्ञात हो कि मृतक अजय साह भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता के साथ साथ स्थानीय मंडल के पूर्व महामंत्री भी रहे हैं। वो दूध के बूथ संचालक थे। पिछले मंगलवार की रात वे अपने घर के नीचे अवस्थित दुकान दूध के बूथ पर बैठे थे, तभी अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। इस अवसर पर पटना नगर निगम के महापौर श्रीमती सीता साहू, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, क्षेत्रीय सह प्रभारी अशोक भट्ट, महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, महामंत्री विनय केसरी, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश, प्रवक्ता राजेश साह, वैश्य महासभा के अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार, व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राजू गुप्ता, डॉ प्रवीण कुमार, दिलीप गुप्ता ने भी मृतक के आश्रित से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। इससे पहले मृतक के निवास स्थान पर राजेश प्रताप, लल्लू शर्मा, नरेश साह, हरेंद्र चंद्रवंशी, अजय आजाद, जदयू के शशिकांत गुप्ता, पंकज गुप्ता, विनोद पासवान, दिलीप गुप्ता ने भी मृतक के प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया।

## 14 सितम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। 14 सितम्बर, 2024 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना से प्राप्त सूचनानुसार इसका आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के तत्वाधान में सिविल कोर्ट, पटना सदर एवं पटना जिला के अनुमंडल-स्तरीय कोर्ट यथा पटना सिटी, दानापुर, बाढ़, मसौढ़ी तथा पालीगंज के प्रांगण में उक्त तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन से होगा। **इस राष्ट्रीय लोक अदालत में इन मामलों का निपटारा होगा**: संधि-योग्य लघु अपराधिक मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट मामले, विद्युत वाद के मामले, वाहन दुर्घटना दावे, सिविल सूट, माप-तौल, श्रम वाद, बैंक ऋण वसूली मामले, नीलाम-पत्र वाद इत्यादि। **लोक अदालत के लाभ**: कोई कोर्ट फीस नहीं होती, यदि कोर्ट फीस का भुगतान पहले ही कर दिया गया है तो राशि वापस कर दी जाएगी। विवादों का सरल और शीघ्र निपटारा। लोक अदालत के ऑर्डर्स की अपील नहीं होती और निर्णय अंतिम होता है। लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट, पटना सदर एवं पटना जिला के अनुमण्डल-स्तरीय कोर्ट (पटना सिटी, दानापुर, बाढ़, मसौढ़ी एवं पालीगंज) में होगा। जिला पदाधिकारी-सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत का सम्पूर्ण जिला में वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है ताकि आम जनता इससे लाभान्वित हो सके। आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना में प्रार्थना पत्र लगाकर लोक अदालत का लाभ ले सकते हैं। यदि आप मुकदमे को दूसरे पक्ष के साथ समझौते के माध्यम से लोक अदालत द्वारा निपटाना चाहते हैं तो आपका जो भी मुकदमा जिस न्यायालय में लंबित हो तो आप उसी न्यायालय में दिनांक 13.09.2024 तक किसी भी कार्य-दिवस को जाकर अपने मामले पर विचार करवा सकते हैं जिसका निस्तारण दिनांक 14.09.2024 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। सभी वादकारीगण अपने मुकदमों का निस्तारण समझौते के आधार पर कराने का सुअवसर प्राप्त करें।

## बिक्रम में जल्द शुरू होगा वर्षों से बंद पड़े ट्रामा सेंटर : सम्राट चौधरी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को भाजपा पटना ग्रामीण जिला कार्यालय का शिलान्यास शिलान्यास किया। मौके पर निजी उत्सव हॉल में जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार अध्यक्षता में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि कार्यकताओं के लिए कार्यालय मंदिर के रूप में होता है, पार्टी के हर छोटे बड़े कार्यकताओं के सहयोग से पार्टी कार्यालय का निर्माण होगा` वहीं उन्होंने बिक्रम वासियो को अतिशिघ्र बिक्रम में ट्रामा सेन्टर को शुरू करने का आश्वासन दिया। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि वर्षों से बंद पड़े ट्रामा सेंटर में जल्द चिकित्सकीय सुविधा बहाल होगी कार्यक्रम के पूर्व उन्होंने बिक्रम शहीद स्मारक पर जाकर स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजली अर्पित कर नमन किए। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथी पूर्व केन्द्रिय मंत्री रामकृपाल यादव, बिक्रम विधायक सिद्धार्थ सौरभ, एमएलसी अनामिका सिंह, पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा, उषा विद्यार्थी व पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार ने भी संबोधित किया, पार्टी नेताओं ने लोगों को संबोधित करते हुए एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रदेश की एनडीए सरकार युवाओं व किसानो के हित में तेजी से कार्य कर रहीं है` पार्टी नेताओं ने कहा कि एनडीए की सरकार में माफियाओं की बोलती बंद है, आम लोगों के कल्याण के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रहीं हैं, बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार ने बिहार को स्पेशल पैकेज दिया है जो प्रदेश के उत्तरोत्तर विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण है` मौके पर भाजपा नेता आशुतोष कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष घिरेन्द्र कुमार, जिला महामंत्री नीरज तिवारी, रविन्द्र रंजन, पंकज सिंह, अजीत सिंह, रजनीश कुमार, आलोक कुमार, नवनीत दूबे, रवि कुमार, गुडू कुमार, अभिषेक रंजन मोंटी, शिला प्राप्ती, शिखा सिंह, मंडल अध्यक्ष तेजनरायन शर्मा, अविनाश, संगीता शर्मा, योगेश तिवारी, मनीष कुमार, सुब्रत वासुदेव, दिपक कुशवाहा, बहादुर शर्मा, नंद किशोर शर्मा, पिंटू कुमार, संघिर यादव एवं सूर्यनरायण शर्मा समेत सैकड़ो पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष भू-सर्वेक्षण को लेकर रैयतों की चिंता बढ़ी

मुजफ्फरपुर। जिले में भू -सर्वएक्षण के कार्यक्रमों की घोषणा होते ही रैयत भू-धारियों की चिंता बढ़ गई है। भू -सर्वएक्षण के नियमों और प्रावधानों को लेकर लोग एक -दूसरे से शंकाएं व्यक्त करने लगे हैं लेकिन उन्हें उनके शंकाओं का सही समाधान नहीं हो पा रहा है। मुशहरी के पूर्व जिला पार्षद मुक्तेश्वर सिंह मुकेश ने आज प्रखंड के मणिका हरिकेश पंचायत में आयोजित आम सभा में सर्वेक्षण अधिकारियों को कुछ ऐसी ही आशंकाओं की बाबत सवाल पूछा और उससे सम्बंधित एक ज्ञापन भी दिया। उनका कहना है कि अधिकांश निजी भूस्वामी रैयतों का औन लाइन कम्प्यूटराईज्ड जमाबंदी अबतक नेट पर नहीं चढ़ा है।जिनका ओन लाइन जमाबंदी नेट पर है ,उनमें भी कई रैयतों की जमाबंदी में व्यापक त्रुटियां हैं। क्षेत्र में बहुत सारा केवाला का दाखिल खारिज नहीं हो पाया है।पुराना नक्शा नया नक्शा में अन्तर है।इसके अलावा गांवों का सीमान सही जगह पर नहीं रहने से कठिनाई होगी।कुछ लोगबिहार सरकार की भूमि पर जबरन कब्जा किए हुए हैं।गरीबों और अनुसूचित जातियों में ज्यादातर का अपने घर पर दखल - कब्जा है पर उनके पास उस जमीन का कोई कागज नहीं है। उन्होंने पूछा है कि वे कहां से सबूत दे पाएंगे ? सर्वेक्षण की घोषणा होते ही ग्रामीण क्षेत्र के लोग कुछ ऐसे ही सवाल इन दिनों एक -दूसरे से पूछते दिखाई दे रहे हैं लेकिन इसका सही जवाब उन्हें नहीं मिल रहा है।

### दलित किशोरी की हत्यारोपी के घर हुई कुर्की जब्ती

मुजफ्फरपुर।पारु थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दलित किशोरी की गैंगरेप के बाद हत्या कर दिए जाने के मुख्य आरोपी के घर की आज पुलिस ने कुर्की जब्ती किया।संजय राय के घर पर कुर्की जब्ती के लिए इश्तेहार 16 अगस्त को चिपकाया गया था। इश्तेहार में इस बात का जिक्र था कि यदि 17 अगस्त को आरोपी सरेंडर नहीं करता है तो उसकी सारी चल और अचल संपत्ति को जब्त किया जाएगा। आज निर्धारित समय सीमा तक जब आरोपी संजय राय ने सरेंडर नहीं किया तो इसके बाद पुलिस आरोपी के घर पर बुलडोजर लेकर कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने पहुंच गयी। कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है।

### कुलपति ने किया वर्ग कक्ष भवन व प्रतीक्षालय का उद्घाटन

दरभंगा।ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने एम. एल. एस. एम. कॉलेज , दरभंगा में रूसा के सौजन्य से नवनिर्मित वर्ग कक्ष भवन और महिला अभिभावक प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया । उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन भवनों के उपलब्ध हो जाने से महाविद्यालय में पठन पाठन का माहौल और बेहतर हो सकेगा । कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.लक्ष्मी निवास पांडेय ने भी इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार को शुभकामना दी । इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. शम्भु कुमार यादव, प्रो. अजित कुमार चौधरी , डॉ.ज्वाला चंद्र चौधरी, डॉ. जेबा प्रवीण आदि उपस्थित थे।

### नाबालिग का अपहरण व दूष्कर्म की जूर्म में तीन दोषी करार

दरभंगा। सिविल कोर्ट दरभंगा के पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रोतिमा परिहार की अदालत ने एक ग्यारह बर्षीय नाबालिग का अपहरण कर दूष्कर्म की जूर्म में तीन दूष्कर्मियों को दोषी करार दिया है।अदालत ने महिला थानाकांड सं. 15/20 से संबंधित जी आर केश नं.07/20 के आरोपी एपीएम थानाक्षेत्र के मनोरथा गांव के उमेश लालदेव का पुत्र मायाशंकर लालदेव,कैलाश लालदेव का पुत्र अंकेश लालदेव,तथा भिखारी लालदेव का पुत्र छोटे लालदेव को दोषी ठहराया है।कोर्ट ने इस मामले की सूनवाई पुरी कर शनिवार को तीनों अभियुक्तों को भादवि की धारा 363,366(ए)(नाबालिग का अपहरण),376 डी,पी और पॉक्सो ऐक्ट की धारा 06 में दोषी करार दिया है।दोषी अभियुक्तों का सजा अवधि निर्धारण के लिए कोर्ट ने 24 अगस्त की तिथि निर्धारित किया है।अभियोजन पक्ष का संचालन कर रहे स्पेशल पीपी विजय कुमार ने बताया कि 2 मार्च 20 20को एक 11 बर्षीय बच्ची अपने मां के ननिहाल में एक शादी समारोह में भाग लेने गई थी। रात के 10 बजे वह आवश्यक क्रिया के लिए एकांत में गई तो उपरोक्त तीनों आरोपियों ने उसे मोटरसाइकिल पर अगवा कर जंगल में ले गया तथा दूष्कर्म किया।परिजनों द्वारा खोज करने पर वह बेहोश मिली।दुसरे दिन बच्ची ने आप बीती सुनाई।जब बच्ची को शादी स्थल पर लाया गया तो उसने अभियुक्तों की पहचान की।इस घटना की प्राथमिकी पीड़िता के मां के बयान पर महिला थाना में दर्ज हुई।पीड़िता का 15 दिनों तक इलाज डीएमसीएच में हुई।तीनों दूष्कर्मी 04 मार्च 20 से हीं जेल में है तथा पटना उच्च न्यायालय से भी सबों की जमानत अर्जी खारिज हो गई थी।

# योजनाओं में अनावश्यक विलम्ब कदापि बर्दाश्त नहीं : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में तकनीकी विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कर विभागवार चल रही योजनाओं की समीक्षा की एवं संबधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए. समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि योजनाओं में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता आदि को लेकर तकनीकी विभाग के पदाधिकारी सीओ के साथ आयोजित बैठकों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें. अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर चल रही योजनाओं का जायजा लेते रहें. जिलाधिकारी ने सभी अपूर्ण योजनाओं को हर हाल में पूरी गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें.समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से सीमा क्षेत्र विकास के योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की व आवश्यक निर्देश दिए. बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए डीएम के कहा कि अंचलाधिकारियों से संबंधित किसी भी समस्या का शनिवारीय बैठक में अनिवार्य रूप उपस्थित होकर समीक्षा करवाना सुनिश्चित करें.विद्युत विभाग की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में तेजी लाएं तथा जनता में स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को अविलंब दूर करना सुनिश्चित करें. उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि जर्जर विद्युत तारों को बदलने हेतु तेजी से कार्रवाई करें. उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत को ससमय जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने का दिया निर्देश देते हुए कहा कि अनावश्यक विलम्ब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. साथ ही विद्युत विभाग व वन विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर विद्युत तार बिछाने व वृक्षारोपण के निर्देश दिए. निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध एआईआर दर्ज करवाये. उन्होंने कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को शेष निमार्णाधीन बाढ़ आश्रय स्थल तथा बेनीपट्टी में बन रहेएसडीआरएफ का आवासन स्थल को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी भवनों, पुल-पुलिया और कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण आदि की भी अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई. जिलाधिकारी ने कहा कि किसी योजना की प्रशासनिक स्वीकृति निर्गत करने से पूर्व ही भूमि विवाद आदि की जानकारी रखते हुए गैर विवादित भूमि पर ही प्राथमिकता दी जाए. एक बार प्रशासनिक स्वीकृति देने के बाद कार्य में विलंब स्वीकार्य नहीं किया जाएगा. विभागों के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित रहे।

# विशेष भू -सर्वएक्षण के लिए हुआ आम सभा का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । मुशहरी प्रखंड के ग्राम पंचायत मणिका हरिकेश अन्तर्गत बिहार विशेष सर्वेक्षण भूमि के तहत आम सभा का आयोजन पंचायत भवन पर संबंधित पदाधिकारीगण के साथ मुखिया माननीय तरूण पासवान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें खुले रूप में सर्वे का सरकारी नियम की जानकारी मिली, और आम जनता को इस कार्य को करने कराने में होने वाली कठिनाईयों पर विस्तृत चर्चा किया गया। इस अवसर पर आम जनता द्वारा लिखित आवेदन पत्र, माननीय मुखिया जी का अनुशंसित अग्रसारित पत्र पदाधिकारी गण को ज्ञापन रूप में सौंपा गया। बैठक में कानूनगो, अमीन उपस्थित रहे।उनके द्वारा बताया गया कि सर्व प्रथम आपको अपनी भूमि संपति का जानकारी स्वयं ही प्रपत्र दो में अपने जमीन संबंधी कागजात के साथ सर्वे शिविर कार्यालय जो प्रखंड स्तर पर स्थापित हुआ है वहां लिपिक को रिसीव कराना है।उसके बाद जो अमीन एवं पदाधिकारी के द्वारा स्थल पर जांच होगी वहां उपस्थित रहना है।कागजात सही होने पर सर्वे में कोई दिक्कत नहीं होगी।कागजातों के अन्तर पर जांच प्रक्रिया बढ़ेगी,और साक्ष्य आधारित निर्णय होगाबंटवारा भी सहमति शिड्यूल्ड पर होने पर सर्वे हो जायगा पुत्री अगर मां बाप की जमीन में हिस्सा नहीं लेना चाहेगी तो मैके के लोगों के नाम पर सर्वे होगा।दावा करने पर उनका भी नाम जुडेगा चकबंदी जहां पूर्ण है वहां उसका कागजात भी साक्ष्य हो सकता है।जहां पूर्ण नहीं है वहां उसे नहीं देखा जायगा सरकार द्वारा जो सेटेलाइट नक्शा बनवाया गया है उसका मिलान रिवीजनल सर्वे नक्शा से करते हुए काम होगा प्रपत्र दो में भू स्वामी को जानकारी देनी हैप्रपत्र छह सात का काम अमीन करेंगे ।प्रपत्र आठ आपत्ति के लिए है प्रपत्र चौदह आपत्ति छुट जाने पर जिला मुख्यालय में आपत्ति करने के लिए है।

## दलित किशोरी के साथ गैंगरेप एवं हत्या मामले में एक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के पारी थाना क्षेत्र में एक दलित किशोरी की गैंग रैप के बाद हत्या मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मुख्य अभियुक्त को आत्मसमर्पण न करने की स्थिति में उसके आवास पर कुर्की जब्ती का इश्तेहार चिपकाया गया है ।यह जानकारी एसएसपी कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बीते 12अगस्त को पारू थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर स्थित तालाब में एक नवयुवती का शव प्राप्त होने की सूचना की प्राप्त हुई थी। सूचना प्राप्त होते ही पारू थाना की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल की गईऔर लाश को कबजे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु एसकेएमसीएच भेज दिया गया । मृतका के गर्दन के पिछले हिस्से, सिर एवं हथेली पर धारदार हथियार से वार का जख्म पाया गया है ।घटना स्थल से एफ०एस०एल० की टीम एवं डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा साक्ष्य संकल किया गया एवं घटना में प्रयुक्त एक खुरपी को बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरैया, मुजफ्फरपुर द्वारा भी घटन बर पहुँचकर आवश्यक जांच प्रड़ताल की गई थी ।पटना के संदर्भ में मृतका की मों द्वारा समर्पित आवेदन के आधार पर पारू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। कांड की संवेदलशीलता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। कांड के सफल उमेदन हेतु गठित टीम द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर लागातार कार्य किया जा रहा है ।घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु उनके संभावित ठिकानों पर लागातार छ की जा रही है ।बरीय पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर द्वारा भी घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं मृतक के परिजनों से आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी ली गई है। घटना स्थल एवं मृतका के घर के आस-पास पुलिस टीम लागातार कैंप कर रही है। दिनांक-16 अगस्त को न्यायालय से इस्तेहार प्राप्त कर कांड के अभियुक्त के घर पर विधिवत डुगडुगी बजाकर इस्तेहार का तामिला किया गया है। शनिवार 17अगस्त तक पुलिस या माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पन नहीं करने पर मुख्य अभियुक्त संजय राय की चल एवं अचल संम्पति की विधिवत कुर्की जप्ती की जाएगाइस घटना में मुख्य आरोपी संजय राय को भगाने में सहयोग करने के आरोप में अभि मिथलेश कुमार पे० विरेन्द्र राय सा० गोपालपुर थाना पारू जिला मुजफ्फरपुर को किया गया है। इसके साथ बोलेरो कार जिसमें मुख्य अभियुक्त भागा है उसको भी जब्त किया गया है।

## अगले तीन दिनों तक नहीं होगी बारिश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में अगले तीन दिनों तक बारिश की सम्भावना नहीं है ।इस अवधि में आसमान में बादल छाए रहे सकते हैं ।कहीं कहीं हल्की बारिश का अनुमान है ।मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण मौसम विभाग डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 17 से 21अगस्त तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई है ।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 33.9 एवं 26.0 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 95 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 71 प्रतिशत, हवा की औसत गति 5.6 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 3.5 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 3.1 मन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.9 एवं दोपहर में 37.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 16.6 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई। मौसम पूवार्नुमान के अनुसार,पूवार्नुमानित अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने का अनुमान है। अभी दो-तीन दिनों तक वर्षा की संभावना कम है। 19 अगस्त के बाद वर्षा में वृद्धि होने का अनुमान है। तराई के क्षेत्र में जैसे-पूर्वी एवं पश्चिमी चन्पारण में थोड़ी अधिक वर्षा हो सकती है ।इस अवधि में अधिकतम तापमान 34-36 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 26-29 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है ।पूवार्नुमानित अवधि में पूरवा हवा चलने का अनुमान है। औसतन 15-20 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है ।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 60 प्रतिशत रहने की संभावना है ।किसानों को सलाह दी गई है कि धान की फसल जो 20-25 दिन की हो गई हो, उसमें प्रति हेक्टेयर 30 किलोग्राम नेत्रजन का उपरिवेशन करें। अगात बोई गई धान की फसल में तना छेदक कीट की निगरानी करें।

## हादसे की आशंका,जिरौल में बैंक के ऊपर से गुजरा है 11 हजार का हाईवोल्टेज तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी हरलाखी प्रखंड क्षेत्र के जिरौल गांव स्थित रामजानकी मंदिर के पास संचालित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र है। जहां बिजली की एगारह हजार वोल्टेज की हाई टेंशन तार किसी के घर के छतों व दुकान के ऊपर पर महज चार-पांच फीट उंचाई से गुजर रही हो तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां रहने वालों की स्थिति क्या होगी। ऐसी ही जानलेवा दौर से गुजर रहे यह हाईवोल्टेज तार बैंक पर आ रहे ग्राहकों को यह एहसास दिलाती है कि जरा सी चूक भी जीवन पर भारी पड़ सकती है। हमेशा हादसे की भी आशंका बनी रहती है। सबसे ज्यादा डर बरसात के मौसम में देखने को मिलती है। जब बारिश के साथ तेज हवा व तूफान का आता है। उस समय तार के टूटने का भी डर बना रहता है। हालांकि पहले कई घटनाएं भी तार के टूटने के कारण घट चुकी हैं। लेकिन उसके बाद भी तार को शिफ्टिंग करने को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। जब लोग तार हटाने की शिकायत करते हैं तो यह कह दिया जाता है कि तार शिफ्टिंग का प्रोसेस काफी लंबा है। वहीं तार को हटाने में आने वाले खर्च का वहन भी उपभोक्ताओं को ही करना होगा ।वही स्थानीय दुकानदार व ग्रामीण अरुण कुमार यादव,संजीत मुखिया चंदन कुमार नवल कुमार, छोटू राम,अनिल राम,राजन राम, सहित अन्य का कहना है कि छतों व दुकान के ऊपर से हाईवोल्टेज तार के गुजरे रहने के कारण हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। छत के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरा है जिसके कारण पूरा परिवार घर में ही कैद होने को मजबूर है। वही बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार इसकी शिकायत किए लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ । कई घरों के छतो के दीवारों के ऊपर से तार ऐसे गया है मानों तार दीवार पर रखा हुआ हो। वहीं कई लोगों का कहना है कि तार के वजह से पिछले पांच साल से घर निर्माण कार्य भी रुका हुआ है। आगे निर्माण कैसे होगा कुछ समझ मे नहीं आ रहा। हाईवोल्टेज तार को शिफ्ट करने की मांग कर रहे लोग वही स्थानीय लोगों को कहना है कि बिजली विभाग या तो हाईवोल्टेज तार को शिफ्टिंग करने काम करें या फिर इसके जगह पर लोगों की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए फिलहाल कवर्ड तार की व्यवस्था करें।

## स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी का लगाया आरोप, नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी भारतीय मित्र पार्टी के कार्यकताओं ने जिले मे बिजली विभाग की ओर से जो बिजली स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है उसे लूट घुसूट का मीटर बताया है। इसके विरोध मे सैकड़ो भामपा के कार्यकर्ताओ ने एक जुट होकर समाहरणायल के सामने प्रदर्शन किया। वहीं भारतीय मित्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनेश्वर महतो ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार पूरी तरह से हिटलरशाही रवैया अपना रही है ये स्मार्ट मीटर एक लूट का मीटर है ऐसे हजारो उदाहरण है और उपभोक्ता की शिकायते है। की जिन्होने यह मीटर लगवाया है पहले रीडिग मीटर के हिसाब एक घर में करीब 100, 200, 300 या 500 रुपए का बिल आता था और अब हजार रुपए का रिचार्ज करते हैं तो पता है चलता है 15 दिन बाद ही आपका पैसा समाप्त हो गया है और डिपार्टमेंट आपको चेतावनी देता है तुरंत रिचार्ज करें यह बताएं की ये जनता कहां जाएगा।

## फिर से इतिहास दोहराह रहा है राज दरभंगा : कपिलेश्वर सिंह

**जयनगर, मधुबनी टूनार्मेंट में रामबाग की टीम ने कमलाबारी को 4-2 से हराया**

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा ।जयनगर, मधुबनी मे जय बजरंग मेमोरियल स्पोर्ट्स क्लब, बरही द्वारा आयोजित नौ दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजन किया जा रहा है, टूनार्मेंट के दूसरे दिन दरभंगा के राजा बहादुर विशेश्वर सिंह फुटबॉल क्लब, रामबाग, दरभंगा का मैच कमलाबारी, नेपाल के बीच खेला गया । संघर्षपूर्ण खेले गए इस मैच मे निर्णायक समय मे कोई भी टीम गोल नहीं कर पायी , तत्पश्चात पैनाल्टी शूट आउट मे रामबाग, दरभंगा की टीम की ओर से अनिल और विवेक ने निर्णायक गोल करके टीम को जीत दिलायी । मैच के मुख्य अतिथि के रूप मे जयनगर के जिला पार्षद सदस्या अंजलि कुमारी मण्डल ने कहा की विश्व का सबसे चर्चित खेल फुटबॉल रहा है और ये बड़े ही गौरव की बात है की दरभंगा की टीम इतनी मेहनत से मुद्दत बाद इस मैदान मे अपना प्रदर्शन दिखा रही है उन्होंने दोनों टीम को बेहतर खेल दिखाने के लिए बधाई दी । राजा बहादुर विशेश्वर सिंह फूटबाल क्लब, रामबाग, दरभंगा टीम के चीफ पेट्रोन एवं राज दरभंगा के कुमार कपिलेश्वर सिंह ने कहा की मुद्दत बाद फिर से राजपरिवार का फूटबाल टीम इतिहास दोहराह रहा है । उन्होंने कहा है की आगे भी इस टीम को कई रोमांचों के दौर से गुजरना है और जल्द ही यह अपने मुकाम हासिल करेगा। राजा बहादुर विशेश्वर सिंह फुटबॉल क्लब के टीम कोच अमन सिंह ने बताया की 17 अगस्त को समस्तीपुर और एम०एस०सी०, दरभंगा के विजेता से 21 अगस्त को पहला सेमीफाइनल खेला जाएगा ।इस अवसर पर मैच के दौरान कई पुराने खिलाड़ी भी मौजूद थे।

## मोबाइल चोर गिरोह के दो सदस्यों को किया गया गिरफ्तार , मोबाइल व बाइक जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी स्थानीय पुलिस को थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक झपट्टा मार मोबाइल चोर गिरोह को दबोच कर बड़ी करवाई किया है। थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में इंस्पेक्टर राज कपूर कुशवाहा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्रवाई गुप्त सूचना पर हुआ है बताया कि संध्या समय में उन्हें गुप्त सुचना मिली की दो व्यक्ति एक मोटर साइकिल से चोरी का करीब 10 से 15 मोबाइल दरभंगा से लेकर आ रहे हैं व नेपाल मे बेचने जा रहे है। ये लोग थाना क्षेत्र के छारा पट्टी गांव के चौक से नहर होते हुए लौकहा बॉर्डर से नेपाल जाकर मोबाइल की खरीद बिक्री करते है। सूचना पा कर सुचना पर खुटौना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अपराधी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से चोरी के 15 मोबाइल बरामद किए गये थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार चोरो की पहचान वार्ड संख्या16 फुलपरास थाना के निवासी 20 वर्षीय रूपेश कुमार मंडल और खुटौना थाना क्षेत्र के ही एकडारा गांव निवासी गोविद कुमार के रूप में हुई है। इनपर दरभंगा थाने में भी मामला दर्ज है। कार्रवाई में परि. पुअनि.आलोक कुमार पुअनि.सुनंदा कुमारी पीआईसी श्रीराम ठाकुर अन्य उपस्थित थे।

## बिहार में चल रहा जंगल राज ,यहां कोई सुरक्षित नहीं : रामजी गौतम



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । बसपा के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने कहा है कि बिहार में जंगल राज की स्थिति है ।यहां कोई भी सुरक्षित नहीं है। वे आज सरैया में आयोजित एक जनाक्रोश रैली में बोल रहे थे। पिछले दिनों पारू प्रखंड अंतर्गत लालू छपरा पंचायत के गोपालपुर गांव के नयाटोला की दलित छात्रा की बलात्कार के बाद हुई नृशंस हत्या मामले को लेकर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में बसपा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा परिजनों को ढाढ़स बढ़ाया और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान बसपा के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, केंद्रीय प्रदेश प्रभारी लालजी मेघांकर, एडवोकेट सुरेश राव, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो के साथ प्रदेश स्तर के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। परिजनों से मिलने के बाद बसपा द्वारा मृतका के गांव से डीएसपी कार्यालय, सरैया तक आक्रोश मार्च निकाला गया, जो बाद में सभा में तब्दील हो गया ।पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा की दलित समाज की बेटी के साथ बलात्कार और हत्या की घटना अत्यंत दुखद और सभ्य समाज पर धब्बा है। समाज के शोषित-वंचित तबके की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा हम सबकी सामुहिक जिम्मेदारी है। बिहार में गूंगी, बहरी और निक्कमी सरकार है. हम सरकार से अविलंब न्याय की मांग करते हैं और अगर नीतीश कुमार गरीब, शोषित, दलित और वंचितों को न्याय नही दिला सकते हैं तो गद्दी छोड़ दें। उन्होंने कहा की नीतीश कुमार के पास बेटी नही है, मगर हम सब बेटी वाले हैं, पूरा बिहार बेटी वाला है. आए दिन हमारे बहन बेटियों के साथ बलात्कार हो रहा है और उसकी हत्या कर दी जा रही है. आखिर लगातार हम दलितों पर अत्याचार क्यों हो रहा है? कौन है वो लोग जो दलितों के बहन - बेटियों के इज्जत के साथ खिलवाड़ कर रहे है और उन बलात्कारियों को ये सरकार में बैठे लोग बचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यहां लगातार बलात्कार, हत्या की घटनाएं हो रही है. सरकार और प्रशासन गहरी नींद में सो रहा है। उन्हें सरकार चलाने में दिलचस्पी है. जनता के दुख दर्द से उनको कोई मतलब नही है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं की अब सोने का समय नही है. बहुजन समाज जाग चुका है. अगर आप अपराधियों को बचाने में लगे है तो बहुजन समाज यह बर्दाश्त नही करेगा। जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी हो। फोरेंसिक टीम बुलाकर इसकी जांच हो। पोस्टमार्टम पैनल बनाकर किया गया है की नही? उसकी वीडियोग्राफी कराई गई है की नही? यह सब भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा की बहुजन समाज पार्टी बच्ची को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है. जो भी इस हत्याकांड में दोषी है उसको कड़ी से कड़ी सजा दिलाने में पीछे नही हटेंगे। मौके पर संजय मंडल, कुणाल किशोर विवेक, सुनेश कुमार, बलीराम प्रसाद, जिलाध्यक्ष राजेंद्र राम, दिलीप कुमार, राम किशोर पांडे, विजय सिंह, बालकनाथ सहनी, डॉ बृजेश कुमार, हरिकेश्वर राम, राजेश्वर दास, नथुनी रजक, संतलाल राम, राजगीर राम, ललन बैठा, राजकिशोर राम, मो नेयाज, विनोद महतो समेत प्रदेश स्तर के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उत्तर बिहार में बाढ़ के स्थाई निदान हेतु मोदी सरकार संवेदनशील : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।उत्तर बिहार खासकर मिथिला क्षेत्र से बाढ़ के स्थाई निदान के स्थाई निदान के। लिए मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र पूरी तरह से गम्भीर है और संवेदनशील है। यही कारण है पहले बाढ़ से निदान के लिए ग्यारह और अब इसके लिए उच्च स्तरीय कमिटी का गठन इसका ज्वलंत उदाहरण है। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बाढ़ के मुद्दे पर उनके द्वारा संसदीय अधिकार के तहत 377 के आलोक में लोकसभा में उठाए गए प्रश्नों एवं मुद्दो के क्रम में केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा भेजे गए उत्तर के आलोक में उपरोक्त जानकारी दी।

सांसद डा ठाकुर ने जल शक्ति मंत्रालय के 9 अगस्त 2024 एवं 13 अगस्त 2024 को उनके नाम भेजे गए उत्तर का हवाला देते हुए बताया कि विभाग के मुख्य अभियंता के नेतृत्व में 11 सदस्यों की कमिटी का विधिवत गठन कर दिया गया है तथा अब कमिटी समग्र मुद्दो का विश्लेषण करेंगी। सांसद डा ठाकुर ने बताया की संसद की मंत्रिमंडलीय समिति, जलसंसाधन विभाग की संयुक्त समिती तथा संयुक्त तकनीकी समिती नेपाल सरकार से सप्तकोशी बांध तथा संनकोशी जल भण्डारण सहित अन्य संभावनाओं पर विचार ओर अध्ययन कर अपना रिपोर्ट भारत सरकार सरकार को सौंपेगी तथा तब सरकार अब आगे की पहल करेगी। सांसद डा ठाकुर ने उत्तर बिहार खासकर मिथिला के लिए विनाश का कारण बनने वाली बाढ़ का निदान कर यहां परंपरागत तथा वर्तमान समय के अनुरूप रोजगार श्रृजन की व्यवस्था पर फोकस किया जायेगा।

## नेत्रदान व अंगदान करने वाले परिवार को मंत्री ने किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री सह स्वास्थ्य एवम् कृषि मंत्री, बिहार सरकार मंगल पाण्डेय के कर कमलों द्वारा स्थानीय जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में जिले के एकमात्र देहदानी एवं 8 नेत्रदानी परिवारों को सम्मानित किया गया कदधीचि देहदान समिति द्वारा जिला में किए जा रहे इस उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला प्रशासन तथा मंत्री ने उनकी भूमिका की सराहना की तथा समाज को संदेश दिया कि ऐसे नेक काम में समाज के सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है। मोहल्ला हसनचक निवासी देह्दानी स्व प्रेमलता देवी पोद्दार के भतीजे मितेश पोद्दार, नेत्रदानी स्व. दुर्गा देवी सरावगी के बड़े पुत्र बनवारी लाल सरावगी , स्व. गोपाल कृष्ण सरावगी की धर्मपत्नी नीलम सरावगी, स्व मोहन लाल खेतान के बड़े पुत्र भगवती खेतान, स्व नन्दकिशोर बोहरा के बड़े पुत्र राजेश बोहरा, स्व. सुधा देवी कानोडिया के भतीजे धीरज कनोडिया, स्व. शरद जोशी के पिता जयप्रकाश जोशी, स्व संत कुमार नाथानी के बड़े पुत्र दिलीप नाथानी को प्रसस्ती पत्र और उपहार दे कर सम्मानित कर नेत्रदान के आवाहन को जन जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गयाक इस नेक काम के लिए दधीचि देहदान समिति के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनमोहन सरावगी, कुमार आदर्श, डॉ बलजीत सिंह खेड़ा, डॉ कुमार आनंद तथा अन्य लोगो को भी मंत्री महोदय मंगल पांडेय जी द्वारा सराहा गया ।साथ ही 74 बार रक्तदान कर चुके संस्था के उमेश प्रसाद को भी मंत्री महोदय द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्पादकीय

# चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

सनत जैन

निर्वाचन आयोग द्वारा जम्मू कश्मीर और हरियाणा की चुनाव अधिसूचना जारी कर दी है। जम्मू कश्मीर में 10 साल के बाद चुनाव होंगे। अनुच्छेद 370 खत्म होने और जम्मू कश्मीर राज्य केंद्र शासन के अधीन घोषित होने के बाद यह पहला चुनाव है। इस चुनाव को लेकर जम्मू कश्मीर के नेता कई महीनो से इंतजार कर रहे थे। यहां की जनता भी चुनाव नहीं होने से नाराज थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आखिरकार यहां पर चुनाव आयोग को चुनाव कराना पड रहे हैं। जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा के चुनाव होंगे। वहीं हरियाणा में एक चरण में चुनाव संपन्न होगा। हरियाणा और जम्मू कश्मीर में 90-90 सीटें हैं। कहने का तात्पर्य यह है, दोनों विधानसभाएं छोटी हैं। जम्मू- कश्मीर में आतंकवादियों के हमले हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में सुरक्षा के लिए चुनाव आयोग ने तीन चरणों में चुनाव कराने का निर्णय लिया है। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के संबोधन में एक राष्ट्र एक चुनाव की बात कही थी। जब चुनाव आयोग चार राज्यों के चुनाव एक साथ नहीं करा सकता है। तब प्रधानमंत्री कैसे एक साथ सभी चुनाव एक साथ कराने की बात कर रहे हैं। कई राज्यों में 46 सीटों पर उपचुनाव होने थे, चुनाव आयोग द्वारा कोई उपचुनाव नहीं कराये जा रहे हैं।

10 विधानसभा क्षेत्र उत्तर प्रदेश के हैं। सीमावर्ती राज्य हरियाणा में चुनाव हो रहे हैं। तब उत्तर प्रदेश में उपचुनाव कराने मैं क्या दिक्कत थी। इसे आसानी से समझा जा सकता है। वायनाड की लोकसभा सीट के चुनाव बाद में भी कराये जा सकते थे। जिन राज्यों में अनुकूलता थी, वहां पर उपचुनाव नहीं कराने से चुनाव आयोग के निर्णय पर तरह-तरह की शंका पैदा की जा रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जिस तरह से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हुआ था। जो शिकायतें की गई थी, उनका निराकरण नहीं किया गया। किस राज्य में और किस संसदीय क्षेत्र में कितना मतदान हुआ है। उसमें विलंब होना, बाद में मतदान की संख्या में भारी अंतर को लेकर, चुनाव आयोग के ऊपर तरह-तरह के आरोप लगे। एडीआर द्वारा लोकसभा चुनाव की जो जानकारी मांगी गई, वह चुनाव आयोग द्वारा नहीं दी जा रही है। चुनाव आयोग पहले ही कटघरे में खड़ा था, अब उपचुनाव नहीं कराने तथा केवल दो राज्यों के चुनाव कराने को लेकर, चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े होने लगे हैं। यह भी कहा जा रहा है, दिल्ली विधानसभा के चुनाव समय के पहले हो सकते हैं। दिल्ली में चुनाव की तैयारी चुनाव आयोग द्वारा शुरू कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव संपन्न हो जाने के बाद महाराष्ट्र के साथ दिल्ली और झारखंड के चुनाव होंगे। इसकी अटकलें शुरू हो गई हैं। चुनाव आयोग की जितनी आलोचना 2024 के लोकसभा चुनाव में हुई है। उसके पहले कभी भी चुनाव आयोग को लेकर इस तरह की आलोचना नहीं हुई थी। चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के नेताओं से मिलते नहीं हैं। मीडिया से भी दूरी बनाकर रखते है। चुनाव आयोग के कार्यो में पारिदर्शिता नहीं है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता आम मतदाताओं के बीच में कम होना चिंता का विषय है। लोकसभा चुनाव के पहले भी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर कई आंदोलन हुए। लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद जिस तरह की शंका चुनाव आयोग के प्रति की जा रही है।

# अंततः अखंड भारत का सपना होगा साकार

प्रहलाद सबनानी

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2024 को पूरे भारतवर्ष में 77वां स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। दरअसल, भारतीय नागरिक 15 अगस्त 1947 के पूर्व अंग्रेजों के शासन के अंतर्गत पराधीन थे एवं 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के शासन से मुक्त होकर भारतीय नागरिक स्वाधीन हुए। इसलिए इस पर्व को स्वाधीनता दिवस कहना अधिक तर्कसंगत होगा। स्वतंत्र शब्द दो शब्दों से मिलाकर बना है (1) स्व; एवं (2) तंत्र। अर्थात स्वयं का तंत्र, इसलिए स्वतंत्रता दिवस कहना तो तभी न्यायोचित होगा जब स्वयं का तंत्र स्थापित हो। भारत के नागरिकों में आज "स्व" के भाव के प्रति जागृति तो दिखाई देने लगी है और वे "भारत के हित सर्वोपरि हैं" की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। स्व के तंत्र के स्थापित होने से आशय यह है कि देश में हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन सुनिश्चित हो।

प्राचीन काल में भारत विश्व गुरु था। आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्रों सहित लगभग समस्त क्षेत्रों में भारतीय सनातन संस्कृति का दबदबा था। भारत को उस खंडकाल में सोने की चिड़िया कहा जाता था। भारत के विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने के उद्देश्य से पूरे विश्व से विद्यार्थी भारत में आते थे। भारत पर शक, हूण, कुषाण एवं यवन के आक्रमण हुए, परंतु भारत पर उनके कुछ समय के शासन के पश्चात वे भारतीय सनातन संस्कृति में ही रच बस गए एवं भारत का हिस्सा बन गए। परंतु, अरब के देशों से मुसलमान एवं ब्रिटेन से अंग्रेजों के भारत पर चले शासन के दौरान उन्होंने भारतीय नागरिकों का बलात धर्म परिवर्तन करवाया, स्थानीय नागरिकों पर अकल्पनीय अत्याचार किए। भारत के बड़े बड़े प्रतिष्ठानों, मंदिरों एवं ज्ञान के स्थानों को नष्ट किया। अंग्रेजों ने तो भारतीय नागरिकों के साथ छल कपट करते हुए यह भ्रम फैलाया कि अंग्रेजों ने ही भारतीय नागरिकों को जीना सिखाया है अन्यथा भारतीय समाज तो असभ्य, अनपढ़ गंवार था। उन्होंने भारतीय सनातन संस्कृति पर गहरी चोट की। वे भारतीयों में हीन भावना भरने में सफल रहे। भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति को नष्ट किया। गुरुकुल नष्ट किए। अंग्रेजों को नौकर चाहिए थे अतः तात्कालिक शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन किए। इसी प्रकार की शिक्षा प्रणाली देश में आज भी चल रही है, जिसके अंतर्गत शिक्षित भारतीय केवल नौकरी करने के लिए ही उतावाले नजर आते हैं। वे अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के प्रति रुचि ही प्रकट नहीं करते हैं। भारत में उद्योगपति अपने परिवार की विरासत से ही निकले हैं।

भारत को आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के शासन से मुक्त कराने के उद्देश्य से समय समय पर भारत के तत्कालीन राज्यों के शासकों ने युद्ध भी लड़े एवं अपने स्तर पर उस खंडकाल में सफलता भी अर्जित की। जैसे, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, राणा सांगा आदि के नाम मुख्य रूप से लिए जा सकते हैं। इसी प्रकार, अंगेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाले वीर क्रांतिकारियों में रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद के नाम सहज रूप से लिए जा सकते हैं। स्वाधीनता प्राप्ति के उद्देश्य को लेकर मशाल आगे लेकर चलने वाले कई योद्धाओं में महात्मा गांधी, सरदार पटेल एवं सुभाषचंद्र बोस भी शामिल रहे हैं। इसी समय में विवेकानंद एवं डॉक्टर हेडगेवार ने भी सांस्कृतिक चिंतक के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन सफलतापूर्वक किया था। इस प्रकार, अंततः भारत को 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के शासन से मुक्ति मिली एवं भारतीय नागरिकों को स्वाधीनता प्राप्त हुई। भारत के लिए यह एक नई सुबह तो थी परंतु यह साथ में विभाजन की त्रासदी भी लेकर आई थी। पूर्व एवं पश्चिमी पाकिस्तान के रूप में एक नए देश ने भी जन्म लिया और इस दौरान करोड़ों नागरिकों ने अपनी जान गवाई थी।

आखिर भारत का विभाजन हुआ क्यों? यदि इस विषय पर विचार किया जाय तो ध्यान में आता है कि दरअसल अंग्रेजों ने यह भ्रम फैलाया कि भारत में आर्य बाहर से आए हैं और इस प्रकार वे भारतीय नागरिकों में मतभेद पैदा करने में सफल हुए। साथ ही, उन्हें भारतीय नागरिकों में यह भाव पैदा करने में भी सफलता मिली कि भारत एक भौगोलिक इकाई है एवं यह कई राज्यों को मिलाकर एक देश बना है जबकि राष्ट्र एक सांस्कृतिक इकाई होती है न कि भौगोलिक इकाई। उस खंडकाल विशेष में अंग्रेजों द्वारा भारत में किया गया मुस्लिम तुष्टिकरण भी भारत के विभाजन के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रवादी मुसलमानों की उपेक्षा की गई थी एवं उस समय की जनभावना को बिलकुल ही नकार दिया गया था, इसके उदाहरण के रूप में "वन्दे मातरम" कहने पर अंकुश लगाना एवं राष्ट्रीय ध्वज के रूप में भगवा ध्वज को स्वीकार नहीं करना, का वर्णन किया जा सकता है। और फिर, उस समय विशेष पर भारत का नेतृत्व भी मजबूत हाथों में नहीं था।

# अजीत डोभाल : भारतीय शांति और सुरक्षा के सजग प्रहरी

**अजीत डोभाल ने भारत के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय काम किया है, वह चीन के साथ डोकलाम गतिरोध के समाधान की दृष्टि से किया गया था। स्थिति तनावपूर्ण थी और ऐसा लग रहा था कि संघर्ष अपरिहार्य है, लेकिन डोभाल की शांत और रणनीतिक सोच ने इस विवादित मुद्दे को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने में मदद की। डोभाल की एक प्रमुख विशेषता अंतरराष्ट्रीय सहयोग विकसित करने की सूझबूझ और उनकी अकूत क्षमता है। उन्होंने दुनिया भर के अपने समकक्षों के साथ मजबूत संबंध स्थापित किए हैं। ये गठबंधन एक वैश्वीकृत दुनिया में महत्वपूर्ण हैं, जो साझा खतरों का मुकाबला करने और स्थिरता को बढ़ावा देने में सहायता करते हैं। उनके नेतृत्व की सबसे बड़ी विशेषता परिवेश एवं परिस्थितियों को समझकर उनके प्रति उनकी दृढ़ता और सहानुभूति का मिश्रण है। वह एकनिर्णायक नेतृत्वकर्ता हैं, जो आवश्यकता पड़ने पर कठिन निर्णय ले सकते हैं। बावजूद इसके वह सुरक्षा के मानवीय तत्वों को भी भलीभाँति समझते हैं। कार्यविधि एवं व्यक्तित्व का यह संतुलन उन्हें खुफिया समुदाय में एक प्रभावी और सम्मानित प्रशासक बनाता है। डोभाल के मार्गदर्शन में भारत की खुफिया एजेंसियों ने आधुनिकीकरण के साथ महत्वपूर्ण कार्य किया है। अपने मिशन के लिए उन्होंने उन्नत तकनीक और नवीन माध्यमों को अपनाने का बीड़ा उठाया है। उनका यह दूरदर्शी दृष्टिकोण राष्ट्रीय सुरक्षा के निरंतर विकसित होते परिदृश्य में भारत को आगे रखता है। डोभाल का प्रभाव पारंपरिक सुरक्षा उपायों से परे है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा में वित्तीय स्थिरता के महत्व को पहचानते हुए आर्थिक खतरों का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस क्षेत्र में उनके प्रयासों ने भारत के आर्थिक हितों की रक्षा करने में बहुत सहायता की है, जिससे देश के समग्र लचीलेपन और समावेशी स्वरूप में योगदान मिला है। एक रणनीतिकार के रूप में, डोभाल की किसी परिधि या सीमित घेरे के बाहर सोचने की क्षमता एक गेम-चेंजर के रूप में रही है। वह अक्सर जटिल समस्याओं को हल करने के लिए अपरंपरागत रणनीति अपनाते हैं। समस्या-समाधान में यह रचनात्मकता उन्हें एक दूरदर्शी प्रशासक और नेतृत्वकर्ता के रूप में अलग प्रतिष्ठित करती है।**



प्रो. (डॉ.) जसीम मोहम्मद

भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में देश की शांति और सुरक्षा के लिए अहर्निश सजग एवं तत्पर रहनेवाले अजीत डोभाल एक ऐसे प्रशासक व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने भारत की राष्ट्रीय चिंता और समाधान के लिए जितना कार्य किया है, उतना शायद ही कोई करता हो और जिसके विषय में लोग कम ही जानते हैं। वे खामोशी से अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से पूर्ण करने में लगे रहते हैं। उन्हें अक्सर "भारत का जेम्सबॉन्ड" कहा जाता है, लेकिन एक काल्पनिक जासूस के विपरीत, डोभाल चुपचाप काम करना पसंद करते हैं, चुपचाप एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाह करने में लगे रहते हैं। अजीत डोभाल ने भारत के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय काम किया है, वह चीन के साथ डोकलाम गतिरोध के समाधान की दृष्टि से किया गया था। स्थिति तनावपूर्ण थी और ऐसा लग रहा था कि संघर्ष अपरिहार्य है, लेकिन डोभाल की शांत और रणनीतिक सोच ने इस विवादित मुद्दे को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने में मदद की।

डोभाल की एक प्रमुख विशेषता अंतरराष्ट्रीय सहयोग विकसित करने की सूझबूझ और उनकी अकूत क्षमता है। उन्होंने दुनिया भर के अपने समकक्षों के साथ मजबूत संबंध स्थापित किए हैं। ये गठबंधन एक वैश्वीकृत दुनिया में महत्वपूर्ण हैं, जो साझा खतरों का मुकाबला करने और स्थिरता को बढ़ावा देने में सहायता करते हैं। उनके नेतृत्व की सबसे बड़ी विशेषता परिवेश एवं परिस्थितियों को समझकर उनके प्रति उनकी दृढ़ता और सहानुभूति का मिश्रण है। वह एकनिर्णायक नेतृत्वकर्ता हैं, जो आवश्यकता पड़ने पर कठिन निर्णय ले सकते हैं। बावजूद इसके वह सुरक्षा के मानवीय तत्वों को भी भलीभाँति समझते हैं। कार्यविधि एवं व्यक्तित्व का यह संतुलन उन्हें खुफिया समुदाय में एक प्रभावी और सम्मानित प्रशासक बनाता है। डोभाल के मार्गदर्शन में भारत की खुफिया एजेंसियों ने आधुनिकीकरण के साथ महत्वपूर्ण कार्य किया है। अपने मिशन के लिए उन्होंने उन्नत तकनीक और नवीन माध्यमों को अपनाने का बीड़ा उठाया है। उनका यह दूरदर्शी दृष्टिकोण राष्ट्रीय सुरक्षा के निरंतर विकसित होते परिदृश्य में भारत को आगे रखता है। डोभाल का प्रभाव पारंपरिक सुरक्षा उपायों से परे है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा में वित्तीय स्थिरता के महत्व को पहचानते हुए आर्थिक खतरों का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस क्षेत्र में उनके प्रयासों ने भारत के आर्थिक हितों की रक्षा करने में बहुत सहायता की है, जिससे देश के समग्र लचीलेपन और समावेशी स्वरूप में योगदान मिला है। एक रणनीतिकार के रूप में, डोभाल की किसी परिधि या सीमित घेरे के बाहर सोचने की क्षमता एक गेम-चेंजर के रूप में रही है। वह अक्सर जटिल समस्याओं को हल करने के लिए अपरंपरागत रणनीति अपनाते हैं। समस्या-समाधान में यह रचनात्मकता उन्हें एक दूरदर्शी प्रशासक और नेतृत्वकर्ता के रूप में अलग प्रतिष्ठित करती है। संकट की स्थितियों में उनका शांत व्यवहार उनके धैर्य और कार्यक्षमता को प्रदर्शित करता है। किसी भी दबाव में सदैव शांत रहने की उनकी क्षमता उनकी टीम में आत्मविश्वास पैदा करती है और प्रभावी एवं ठोस निर्णय लेने को सुनिश्चित करती है। यह विशेषता उच्च-दाँववाले वातावरण में महत्वपूर्ण है, जहाँ स्पष्ट सोच ही सब कुछ बदल सकती है। क्षेत्रीय गतिशीलता की उनकी गहरी समझ भारत की विदेश नीति को आकार देने में महत्वपूर्ण रही है। पड़ोसी देशों के राजनीतिक परिदृश्यों के बारे में डोभाल की अंतर्दृष्टि ने सदैव रणनीतिक निर्णयों को रेखांकित किया है। इस क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता राष्ट्र के नेतृत्व के लिए एक मूल्यवान संपत्ति है।

आतंकवाद की चुनौतियों से निपटने के मामले में डोभाल की विशेषज्ञता बेजोड़ है, अप्रतिम है। इस नजरिए से उन्होंने कई सफल ऑपरेशनों का नेतृत्व किया है, जिससे आतंकवादियों को उनके रास्ते में ही रोका जा सका है और भारत को नुकसान पहुँचानेवाले तत्वों से सुरक्षित रखा जा सका है। शत्रुओं की हर रणनीति के विषय में उनकी गहरी समझ ने उन्हें भारत की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बना दिया है। उन्होंने भारत की खुफिया सेवाओं को आधुनिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दिशा में उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि सूचना एकत्र करने और उसका उपयोग करने का तरीका यथासंभव उन्नत हो, जिससे देश के लिए देश के अंदर और बाहर दोनों ही तरह के खतरों से स्वयं को बचाना आसान हो। उनके नेतृत्व में भारत का खुफिया सूचनातंत्र दुनिया में सर्वश्रेष्ठ सूचनातंत्र में से एक बन गया है। सन् 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान डोभाल के नेतृत्व ने अपनी कार्यशैली की वास्तविक चमक दिखाई थी। यह ऑपरेशन एक स्पष्ट संदेश था कि भारत आक्रामकता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। डोभाल की सावधानीपूर्वक योजना इसकी सफलता का एक बड़ा हिस्सा थी, जो दुनिया को दिखाती है कि आवश्यकता पड़ने पर भारत को अपनी रक्षा बखूबी कर सकता है और करेगा।

अजीत डोभाल का प्रभाव केवल सैन्यमामलों तक ही सीमित नहीं है। वह एक कुशल राजनयिक भी हैं, जिन्होंने दुनिया भर के महत्वपूर्ण देशों के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं। इन संबंधों ने भारत की स्थिति को वैश्विकस्तर पर बहुत मजबूत बनाया है, जिसने देश को आर्थिक और राजनीतिक रूप से बहुत मदद की है। जम्मू-कश्मीर की स्थिति को बदलनेवाले अनुच्छेद 370 को हटाने में डोभाल की भूमिका उनकी रणनीतिक सोच का एक और बड़ा उदाहरण है। उन्होंने यह अच्छी तरह समझा कि स्थिति कितनी संवेदनशील और जटिल थी। उन्होंने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि इस कदम को सुचारु रूप से लागू किया जाए, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और स्थिरता लाना है। देश के भीतर आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने में डोभाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने उन क्षेत्रों में शांति लाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो लंबे समय से अशांत होकर हिंसा से त्रस्त हैं। डोभाल के सतत प्रयासों से अब कई लोगों के लिए सामान्य जीवन को बहाल करने में बहुत सहायता मिली है। इन क्षेत्रों में उनके प्रयासों ने स्थिरता को सुनिश्चित करने का व्यापक प्रयास किया है। डोभाल भारत की सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के भी प्रबल समर्थक रहे हैं। वह समझते हैं कि खतरों का प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए, सुरक्षा तंत्र के सभी हिस्सों को एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। इस एकीकृत दृष्टिकोण ने भारत की सुरक्षा को और अधिक मजबूत और लचीला बना दिया है।

वामपंथी-चरमपंथी उग्रवाद से निपटने में, डोभाल की रणनीतियाँ अत्यधिक प्रभावी रही हैं। उन्होंने परिवर्तन लाने के लिए बल और विकास परियोजनाओं के मिश्रण का उपयोग करते हुए माओवादी समूहों के प्रभाव को कमजोर करने का काम किया है। इस संतुलित दृष्टिकोण ने उन क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करने में मदद की है, जो कभी पूरी तरह विद्रोहियों के नियंत्रण में थे। अपने अथक प्रयासों से डोभाल ने उनसमुदायों में आशा की किरण जगाई है। एक मार्गदर्शक के रूप में, डोभाल ने भारत के खुफिया और सुरक्षा क्षेत्रों में अगली पीढ़ी के नेतृत्वकताओं को अपने विशाल ज्ञानक्षेत्र और अनुभवों से लाभान्वित किया है। अपने मार्गदर्शन के माध्यम से, उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उनके वहाँ नहीं रहने के बाद भी भारत की सुरक्षा बनी रहेगी। राष्ट्रीय सुरक्षा में एक मजबूत अर्थव्यवस्था के महत्व के बारे में उनकी समझ उनके काम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। वे उन सभी रणनीतिक निर्णयों में शामिल रहे हैं, जो भारत के आर्थिक हितों की रक्षा करते हैं और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में देश को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। समकालीन समय में, डोभाल ने भारत की साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों का भी नेतृत्व किया है। उन्होंने इस क्षेत्र में सुरक्षा का निर्माण करने के लिए काम किया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत डिजिटल दुनिया के साथ-साथ भौतिक दुनिया में भी सुरक्षित है। भारत के प्रति उनका समर्पण उनके अथक काम में स्पष्ट है। संकट के समय, वे अक्सर सबसे पहले पहुँचते हैं और सबसे आखिर में जाते हैं। वे राष्ट्रहित और देश को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा कुछ भी करने के लिए तैयार रहते हैं। भारत के लिए अजीत डोभाल का योगदान बहुत बड़ा है, जिसमें कूटनीति, सैन्य रणनीति, खुफिया जानकारी और बहुत कुछ सम्मिलित है। हालाँकि उनकी अधिकांश भूमिका पर्दे के पीछे होती है, जो राष्ट्र की सुरक्षा और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है, फिर भी अपने प्रयासों के माध्यम से, उन्होंने भारत की रक्षा सुनिश्चित की है और इसके भविष्य की सुरक्षा और समृद्धि के लिए मजबूत आधारशिला भी स्थापित कर दी है। अजीत डोभाल वास्तव में आधुनिक भारत की सुरक्षात्मक रणनीतिकार के रूप उसकी वास्तविक ताकत हैं, जो देश की सुरक्षा और स्थिरता के पीछे अभेद्य चट्टान की तरह खड़े हैं। देखा जाए, तो अजीत डोभाल भारतीय शांति और सुरक्षा के सजग प्रहरी के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़नेवाले सच्चे राष्ट्रभक्त और राष्ट्र - हितैषी व्यक्तित्व हैं।

**(लेखक तुलनात्मक साहित्य में प्रोफेसर हैं और सहारा न्यूज नेटवर्क के पूर्व समूह संपादक हैं।)**

# वीभत्सता की पराकाष्ठा है कोलकाता का रेप-मर्डर कांड

मनोज कुमार अग्रवाल

**कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर की हत्या और रेप के मामले को लेकर देश भर में आक्रोश है और इसके विरोध में निरंतर प्रदर्शन किए जा रहे है। सीबीआई की टीम ने इस मामले में पूछताछ के लिए आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल को बुलाया था। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई को पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के बारे में कुछ जानकारी मिली है। अब कोलकाता रेप-मर्डर केस में सीबीआई किसी बड़ी साजिश की भी जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने 30 से 35 लोगों की एक लिस्ट तैयार की है।**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता के सरकारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ वीभत्स रेप एवं हत्या के दिल दहलाने वाले मामले में जैसे जैसे जांच आगे बढ़ रही है, रोजाना नये नये खुलासे हो रहे हैं। इस कांड के पीछे किसी बड़े सरमायेदार या उसके परिजन का हाथ होने की संभावना है। अब इस मामले में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। इस मामले में पीड़िता के माता-पिता ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को बताया है कि इस अपराध में उसी कॉलेज के कुछ इंटर्न और डॉक्टर शामिल हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक की सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई मामले की जांच कर रही है। इस वीभत्स कांड की सही जांच के नतीजे बेहद हतप्रभ करने वाले हो सकते हैं क्योंकि इस वारदात के पीछे किसी राजनीतिक कद्दावर मंत्री के पुत्र से लेकर उसकी दोस्त महिला ट्रेनी डाक्टर समेत कुछ सफेदपोश चेहरों के गुनहगार होने की चर्चा चल रही हैं। जांच में इनके बेनकाब होने की उम्मीद बनी है। कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर की हत्या और रेप के मामले को लेकर देश भर में आक्रोश है और इसके विरोध में निरंतर प्रदर्शन किए जा रहे है। सीबीआई की टीम ने इस मामले में पूछताछ के लिए आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल को बुलाया था। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई को पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के बारे में कुछ जानकारी मिली है। अब कोलकाता रेप-मर्डर केस में सीबीआई किसी बड़ी साजिश की भी जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने 30 से 35 लोगों की एक लिस्ट तैयार की है। ये लोग मृतका के दोस्त हैं, जिनके नाम उसके परिवार ने सीबीआई को दिए हैं। सीबीआई अस्पताल के कुछ डॉक्टर्स और स्टूडेंट को समन कर रही है। सीबीआई के रडार पर अस्पताल के कुछ गार्ड और कोलकाता पुलिस के सुरक्षाकर्मी भी हैं। सीबीआई को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के बारे में भी कुछ जानकारी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, मृतका के परिवार वालों ने इस वारदात में कुछ और लोगों के शामिल होने का शक जताया है। सीबीआई इसे बड़ी साजिश मानकर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। सीबीआई बीते दिनों में दस से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है जिसमे पीड़िता का परिवार भी शामिल है। सीबीआई अस्पताल के कुछ डॉक्टर्स और स्टूडेंट को भी सम्मन जारी कर रही है। सीबीआई ने वारदात की जगह पर आरोपी के साथ सीन रीक्रिएट भी किया है, मसलन आरोपी के कोलकाता पुलिस और सीबीआई को दिए बयानों की पुष्टि की। सीबीआई को दिए गए अपने बयानों में मृतका के परिवार वालों ने कुछ डॉक्टर्स और स्टूडेंट्स के नाम बताए, जिनके सीबीआई बयान दर्ज करेगी। सीबीआई की टीम इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं अस्पताल में किसी तरह की कोई गैरकानूनी गतिविधियां तो नहीं चल रही थी, जिसका कनेक्शन इस वारदात से हो। दूसरी ओर बताया जाता है कि कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में एक लेडी डॉक्टर ने सनसनीखेज दावा किया है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर ने दावा किया है कि ट्रेनी डॉक्टर के साथ पहले मारपीट की गई, फिर उसका रेप कराया गया। मारने वालों में एक लड़की भी शामिल थी। आरोप है कि इस पूरी साजिश में कॉलेज के बड़े अधिकारी भी शामिल थे। कोलकाता रेप-मर्डर की गुत्थी उलझती जा रही है। मामले की जांच सीबीआई कर रही है, हालांकि जिस तरह से मामले में खुलासे हो रहे हैं, उससे ये अंदाजा लगाना मुश्किल है कि अभी इस मामले में कितनी और परतें खुलेंगी। दो डॉक्टरों के बीच बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद अब एक लेडी डॉक्टर का ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें उसने ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के लिए मेडिकल कॉलेज के स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डॉक्टर का दावा है कि इस घटना को पूरी प्लानिंग के साथ अंजाम दिया गया। जिस सेमिनार हॉल में घटना घटी उसमें कई सीनियर पीजीटी और अन्य लोग आराम के लिए जाते थे। उस दिन उसे अकेले ही सोने के लिए कहा गया था। जानबूझकर उसे अकेला रखा गया। किसी को जाने नहीं दिया गया। कहा गया कि कमरे में आज काम होगा। चार लोगों ने उसके साथ खाना खाया। इनमें एक लड़की भी थी। आप सोचें कि वह कैसी लड़की थी? सेमिनार हॉल में जब खाना खाया जा रहा था तब झगड़ा हुआ। इसके बाद वह लड़की धमकी देकर चली गई। उसके बाद साथियों ने जाकर शराब पी और फिर वापस आकर हमला किया। दो लोगों ने उसके दोनों हाथ पकड़े। इंटर्न लड़की ने भी उसकी मदद की। उसे जोर से खींचकर पटका। जोर से पटकने की वजह से ट्रेनी डॉक्टर का पेल्विक बोन टूटा, फिर कॉलर बोन टूट गया। इसके बाद वीभत्स अत्याचार किए गए। उसे उलटा किया गया। उसकी पीठ पर चले, सिर पर मारा, इससे उसका स्क्ल्पचर वगैरह टूट गया। इसके बाद गला दबाकर उसकी जान ले ली। वायरल ऑडियो में लेडी डॉक्टर ने दावा किया है कि जब ट्रेनी डॉक्टर को मारने के बाद ये लोग बाहर निकले तो इन्होंने देखा कि नीचे आरोपी संजय शराब पी रहा है। ये लोग जानते थे कि उसका खराब लोगों के साथ मेल जोल था। वह वेश्या वगैरह के पास भी जाता था। ऐसे में उससे कहा गया कि सेमिनार रूम में तुम्हारे लिए कुछ रखकर आए हैं.. जाकर तुम काम कर आओ.. इसके बाद उसने डेड बॉडी से रेप किया. बाथरूम में हाथ धोए, उस दिन सबूत मिटाने के लिए दीवार को तोड़ दिया गया.. बाथरूम की जगह को ही तोड़ा गया, कहा गया कि वहां रूम बनाएंगे। वहीं 15 अगस्त की पूर्व मध्य रात्रि को जिस तरह शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे डाक्टरों, छात्रों और अन्य लोगों के बीच अचानक कुछ सौ लोगों की भीड़ ने आरजी कर अस्पताल में घुसकर तोड़ फोड़ की और घटना स्थल से तोडफोड़ कर सबूत मिटाने की कोशिश की और पुलिस रोक टोक के लिए अराजक भीड़ के सामने नहीं आई। इससे भी लगता है कि इस रेप मर्डर केस में कुछ सफेदपोश बड़े लोग भी शामिल है जो अपनी ताकत और दबंगई के बूते पर सबूत मिटाने के लिए कुछ भी करने पर आमादा है। उधर कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में एक डायरी सामने आई है। ये डायरी ट्रेनी डॉक्टर की ही है। डायरी में ट्रेनी डॉक्टर ने खुद से जुड़ी कई बातों का जिक्र किया था।

# पाक से एक कदम पीछे क्यों रह गया भारत

योगेन्द्र योगी

भुखमरी-गरीबी और आतंकवाद का शिकार पाकिस्तान 2024 पेरिस ओलंपिक में पदक तालिका में आगे रह कर भारत को शर्मिंदा कर गया। देश की एक अरब 40 करोड़ की आबादी और खिलाड़ियों पर 4 अरब 70 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद भारत एक स्वर्ण पदक तक हासिल नहीं कर सका। भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल करके पाकिस्तान ओलंपिक की सूची में भारत से आगे निकल गया। खेलों में भारत का बेहद निराशाजनक प्रदर्शन बताता है कि सिर्फ जीडीपी में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से इस दिशा में कुछ हासिल होने वाला नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए खेलों में संसाधनों के साथ खेल संस्कृति का जज्बा जरूरी है। पाकिस्तान ही नहीं, अफ्रीका के ऐसे देश, जो दशकों से घरेलू युद्ध का बेहद गरीबी में सामना कर रहे हैं, वे भी ओलंपिक जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेलों के आयोजन में भारत को पछाड़ गए। भारतीय टीम से उम्मीद की गई थी कि वो टोक्यो ओलंपिक से अच्छा प्रदर्शन करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम पिछले ओलंपिक से एक मेडल कम रह गई। टोक्यो ओलंपिक में एक मेडल के मुकाबले पेरिस में 6 मेडल आए हैं। इसमें 5 ब्रांज और एक सिल्वर है। सिल्वर मेडल नीरज चोपड़ा ने जीता। केंद्र सरकार ने ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों पर अरबों पर रुपए खर्च किए थे, लेकिन उसका परिणाम सुखद नहीं रहा है। पेरिस ओलंपिक में भारत की तरफ से 16 खेलों में 117 एथलीट गए थे। इस पर भारत सरकार ने कुल 470 करोड़ रुपए खर्च किए थे। एथलेटिक्स के अलग-अलग खेलों के लिए कुल 96.08 करोड़ रुपए जारी किए गए थे। बैडमिंटन पर 72.03 करोड़, बॉक्सिंग पर 60.93 करोड़, शूटिंग 60.42 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। हॉकी पर 41.3 करोड़ और रेसलिंग पर 37.8 करोड़, आर्चरी में 39.18 करोड़ खर्च हुए थे। इसके अलावा वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, नौकायन जैसे खेलों पर भी करोड़ों खर्च हुए थे। औसतन एक मेडल के लिए सरकार को 78 करोड़ खर्च करने पड़े। भारत के लिए नीरज चोपड़ा ने जैवलिन में सिल्वर, मनु भाकर और सरबजीत सिंह ने शूटिंग में ब्रांज, भारतीय हॉकी टीम ने ब्रांज, अमन सहरावत ने कुश्ती में ब्रांज जीता। मनु भाकर ने 2 ब्रांज मेडल जीते थे। दूसरी तरफ भारत के पड़ोसी पाकिस्तान ने सिर्फ एक ही गोल्ड मेडल जीता है। लेकिन वह भारत से मेडल टैली में आगे निकल गया है, क्योंकि मेडल टैली में उसे ऊपर रखा जाता है, जो स्वर्ण पदक जीतता है।

भारत ने पेरिस ओलंपिक में कोई भी स्वर्ण पदक नहीं जीता है, जबकि पाकिस्तान के एक गोल्ड जीतते ही लॉटरी लग गई है। पेरिस ओलंपिक 2024 की मेडल टैली में भारत 71वें नंबर पर है, तो वहीं पाकिस्तान 62वें नंबर पर मौजूद है। हर विश्व चैंपियनशिप के दौरान भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कई सवाल पूछे जाते हैं। हमारी टीमें अक्सर गुस्साए और निराश दर्शकों के सामने लौटती हैं और हम अपने मेहनती खिलाड़ियों पर भी अपनी निराशा व्यक्त करते हैं। खेलों में भारत की दुर्दशा का आलम यह है कि हॉकी के अलावा अन्य टीम वाले खेलों में भारत का विश्व स्तर पर अता-पता तक नहीं है। इसमें महिला टीम के खेलों की हालत और भी ज्यादा शोचनीय है। देश में खेल के लिए पर्याप्त वातावरण नहीं होने के अलावा लैंगिक भेदभाव भी खेलों में भारतीय महिलाओं के पिछड़ेपन की प्रमुख वजह है। भारत के ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन का कारण भारत की विश्व स्तर पर खराब रैंकिंग भी है। भारतीय टेनिस टीम विश्व में 23वें स्थान पर है। भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम 127 देशों में से 34वें स्थान पर है। भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम 113 खेलने वाले देशों में से 100वें स्थान पर है। भारतीय बास्केटबॉल टीम 85 देशों में से 61वें स्थान पर है। नवीनतम फीबा रैंकिंग रिपोर्ट में हमारी रग्बी टीम 102 खेलने वाले देशों में से 74वें स्थान पर है। सवाल यह उठता है कि इतनी बड़ी आबादी, क्षेत्रफल और अर्थव्यवस्था वाले देश की हालत खेलों के प्रदर्शन में इतनी खराब कैसे है। खेलों की सुविधाओं में निवेश करने की भी जरूरत है। चीन ने ऐसा किया और कमाल का प्रदर्शन किया। ब्रिटेन ने ऐसा किया और लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, जापान आदि ने भी यही किया। जाहिर है कि अमेरिका के पास निवेश और एक बड़ी आबादी है जो कई ओलंपिक खेलों के लिए जुनूनी है, इसलिए उनका सामान्य प्रभुत्व है। लेकिन केन्या और इथियोपिया या जमैका जैसे देशों को देखें और जिस तरह से वे आर्थिक रूप से शक्तिशाली न होते हुए भी लगातार विशेष खेलों में विश्व स्तरीय एथलीट तैयार करने में सक्षम रहे हैं। इसका कारण यह है कि उनके पास उन प्रतियोगिताओं में भाग लेने की परंपरा है और उन देशों के बच्चे शायद वहां के लोगों को अपना आदर्श मानते हुए बड़े होते हैं जिन्होंने ओलंपिक खेलों में भाग लिया है और जीत हासिल की है। भारतीय मानसिकता खेलों में खर्च करने के खिलाफ रही है, वह चाहे सरकारी स्तर पर हो या पारिवारिक स्तर पर। इसे व्यर्थ का गैरउत्पादक निवेश माना जाता है। चीनी टेनिस खिलाड़ी झेंग किनवेन, जिसने हाल ही में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता है, ने टेनिस खेलना शुरू करने के बाद से अब तक 2.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक खर्च कर दिए हैं। 2.8 मिलियन डॉलर एक चीनी परिवार के लिए कोई छोटी रकम नहीं है, भारतीय परिवार की तो बात ही छोड़िए। यहां तक कि अनुभवी एथलीटों के लिए भी प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि जीतने की 100 प्रतिशत गारंटी नहीं होती। चीनी मीडिया का दावा है कि भारत में लडकों को खेलों के बजाय डॉक्टर और इंजीनियर बनाने पर अधिक ध्यान दिया जाता है। वहीं चीन में 3 से ज्यादा की उम्र के बच्चे बेहद कड़ी ट्रेनिंग से गुजरते हैं। इस तकलीफ को सहकर ही वे चैम्पियन बनने की कला सीखते हैं। चीन के पास एक तय स्पोर्ट्स ट्रेनिंग स्कूलों का मॉडल है जिसके जरिए उसका पैसा ट्रेनिंग पर ही खर्च होता है और चूंकि चीन खेलों पर अपने खर्चे के हिसाब से अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में पदक ले आता है, तो वह अपने मॉडल को तुलनात्मक रूप से सफल मानता है। चीन ओलंपिक खेलों की मेडल टैली में लगातार अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंदी अमेरिका को पछाड़ कर नंबर वन होने की कोशिश करता रहा है। चीन ने अपने देश के अंदर बहुत बड़ा स्पोर्ट्स ट्रेनिंग स्कूलों का मॉडल खड़ा कर रखा है, जिसके जरिए वह अच्छे एथलीट्स तैयार करता है। भारत में हर बच्चा किसी पॉप स्टार, किसी फिल्म स्टार या किसी अन्य सेलिब्रिटी को अपना आदर्श मानता है। इस सूची में खेलों में सिर्फ क्रिकेट शामिल है, जोकि बेहद महंगा होने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय खेल नहीं है। क्रिकेट एशियाई और ओलंपिक में शामिल नहीं है। युवा यदि थोड़ा-बहुत खेलों के प्रति आकर्षित हैं भी तो क्रिकेट की तरफ। ऐसा क्रिकेट में ग्लैमर और पैसा होने के कारण है। ओलंपिक या किसी भी विश्वस्तरीय खेल प्रतियोगिता में भारत को सफल होने के लिए कड़ी मेहनत और दूरगामी नीति की जरूरत है। भारत में खेलों की स्थिति रातों-रात नहीं बदलेगी। हालांकि, हममें से प्रत्येक द्वारा उठाए गए छोटे-छोटे कदम हमें उस बिंदु तक ले जाएंगे जहां हम अंततः सुधार देखना शुरू कर देंगे। भारत में खेलों की संस्कृति का निर्माण करना और भारत के नवजात खेल परिदृश्य को ऊपर उठाने की जरूरत है। यह जरूरी नहीं है कि हर बच्चा महान खिलाड़ी ही बने। फिर भी यह उनके मन में खेल के बारे में सकारात्मक धारणा बनाने में काफी मददगार साबित होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता दिवस पर थाने में हुआ पौधरोपण

चनपटिया(ए. के.सिंह)।आन बान शान से तिरंगा फहराया लहराने के उपरांत स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सिरसिया थाना परिसर में दर्जनों भर पौधरोपण पुलिस तथा जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया ।पौधा रोपण कार्यक्रम में थानाध्यक्ष मदन कुमार मांझी,अपर थानाध्यक्ष कारवेन्द्र पासवान प्रशिक्षु दरोगा राकेश कुमार सरपंच चन्द्र शेखर तिवारी संवेदक विजय तिवारी,पुर्व उप सरपंच चन्द्रशेखर सिंह उर्फ.मुन्ना सिंह,व थाने की सभी पुलिसकर्मी समेत कई समाजसेवी ने पौधा रोपण किया।

### आज सुबह आयोजित होगी दूसरी नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण

बेतिया(कुमार अभिजितम) ।चंपारण शतरंज अकादमी के द्वारा 18 अगस्त जरविवार को चंपारण शतरंज अकादेमी के सभागार में निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण का शुरूवात आयोजित किया जाएगा । इस निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण की शुरूआत सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक चलेगा उसके बाद सभी खिलाडियों अपने साथ मैच खेल कर अभ्यास करेंगे! निःशुल्क शतरंज सिखाने का कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन के द्वारा किया जाएगा! दूसरी निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण की शुरूआत रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट के टीम के द्वारा शतरंज का चाल चलकर प्रशिक्षण की शुरूआत किया जाएगा!

### जदयू प्रदेश अध्यक्ष का कार्यक्रम 18 को

छपरा कार्यालय। जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू के हवाले से जिला प्रवक्ता मोहम्मद फिरोज ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जद(यू०) बिहार उमेश सिंह कुशवाहा दिनांक 18 अगस्त को पटना स्थित आवास से 9:30 बजे सुबह प्रस्थान करेंगे 9:40 बजे बजरंग चौक 9:55 बजे सीतालपुर बाईपास 10:25 गड़खा 10:35 बजे मेहिया फलाईओभर के नीचे से मेथवलिया 10:50 बजे कोपा होते हुए समय 11: बजे दिन में राजकुमार कुशवाहा के आटा मिल का उद्धाटन जलालपुर प्रखण्ड अंतर्गत (कोपा)अनवल बजार पर करेंगे प्रदेश अध्यक्ष का जिला के विभिन्न स्थलों पर सम्मानित समर्पित जद (यू०) कार्यकर्ता साथियों के द्वारा स्वागत किया जाएगा साथ ही साथ आटा मिल उद्धाटन समारोह में कार्यक्रता साथि सम्मिलित रहेंगे ।

### कोपा में चार घंटा बंद रहा रेलवे फाटक आने जाने वाले लोगों को हुई परेशानी

कोपा / छपरा सिवान रेल खण्ड पर कोपा समहोता दाउदपुर स्टेशन के बीच ट्रैक मरमती को लेकर रेलवे समपार संख्या-56 चार घंटा बंद रहा।आपको बताते चले कि आठ तीस से बारह तीस तक रेलवे ट्रैक मरमती को लेकर रेलवे प्रसासन द्वारा बिना सूचना के ही लागातार चार घंटा समपार बंद होने से आने जाने वाले लोगो के साथ साथ स्कूल वाहनो को काफी परेशानी हुई।

### नहर बाध को गंडक विभाग के द्वारा कराया गया मरम्मती

कोपा ।जलालपुर प्रखण्ड के कोपा नगर पंचायत के कोपा समहोता स्टेशन रोड में बरदाहा पुल के समीप टूटे गंडक बाध को गंडक विभाग के एसडीओ रत्नेश कुमार के निर्देश पर शनिवार को आधा दर्जन मजदूरों द्वारा बोरे में मिट्टी भर कर छतिग्रस्त नहर बाध मरमती का कार्य चालू कर दिया गया ।आपको बताते चले कि बाध छतिग्रस्त की खबर सुनते ही कोपा कार्यपालक पदाधिकारी किशोर कुणाल जलालपुर अंचल पदाधिकारी अभीनाश कुमार कोपा चेयरमैन प्रतिनिधि बुस्तामी खा उपचेयरमैन प्रतिनिधि राहुल सिंह ने स्थल निरीक्षण कर गंडक विभाग को सूचना दिया था।

### भेंट किया गया पौधा

छपरा कार्यालय। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा छपरा द्वारा सारण समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी के कार्यालय , सभागार भवन, एसपी ऑफिस तथा ऐडी एम ऑफिस के गेट पर ऐरिका पाम लगे हुए बीस गमले, छपरा को हरा भरा बनाने के प्रतीक के रूप में भेंट किए। उक्त अवसर पर अमनौर विधायक माननीय मंटू सिंह जी, सचिव जीनत मसीह कोषाध्यक्ष सुरेश प्र० सिंह, हरेन्द्र सिंह, डा शहजाद आलम, अमरेद्र सिंह गिरी जी तथा भूवनेश्वर इत्यादि उपस्थित थे।

# 7.41 करोड़ लागत वाली मुक्तिधाम निर्माण की 30 योजना स्वीकृत :गरिमा

## योजना पूरी होने के बाद जहां तहां और अव्यवस्थित अंतिम संस्कार से नगर निगम क्षेत्र के लोगों को मिलेगा छुटकारा

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया( घनश्याम ) ।बेतिया नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी की 7.41 करोड़ लागत वाली कुल 30 योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं के पूरा हो जाने के बाद जहां तहां और अव्यवस्थित अंतिम संस्कार से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया शनिवार को वार्ड 37 बरवत पसराईन में करीब 14.91 लाख से मुक्ति धाम निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद इसकी जानकारी दे रहीं थीं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के वार्ड 27 के मैनाटाड़ रोड में करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण दी गई है। वही वार्ड 27 के हजमा टोला में करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण को स्वीकृति दी गई है। वार्ड 28 में ओपी थाना के पास करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण को स्वीकृति देना शामिल है। वार्ड 29 बानु छापर के यादव टोली में करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण ।वार्ड 33 पावर ग्रीड के पास करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण स्वीकृत हुआ है। वार्ड 33 में नवका हत्ता ग्रीड के पीछे करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण कार्य शामिल है। वार्ड 33 में पोखर भिण्डा में करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण शामिल है। इसी प्रकार वार्ड 34 रामपुर गनौली में करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण को स्वीकृति दी गई है। वार्ड 34 गनौली मुसहर टोली के बगल में करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण को स्वीकृति दी गई है। वार्ड 35 लोहार पट्टी में करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी का निर्माण को स्वीकृति दी गई है। वही वार्ड 35 बेलदारी में करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण ।वार्ड 36 में बैराठ माई स्थान वाली रोड के बगल में करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण ।वार्ड 38 में बरवत सेना बुढ़वा पुल के पास करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण शामिल है। वार्ड 38 बरवत लच्छु में करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण को स्वीकृति दी गई है ।वार्ड 39 में करीब 15 लाख से हरदिया बड़ी नहर के पास मुक्तिधाम एवं प्लेटफार्म का निर्माण स्वीकृति मिली है ।वार्ड 40 नवका टोला बड़ी नहर के पास करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं प्लेटफार्म का निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। वही वार्ड 41 सरइया बड़ी नहर के पास करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं प्लेटफार्म का निर्माण ।वार्ड 42 परवतिया नवका टोला बड़ी नहर के पास भी करीब 15 लाख से मुक्तिधाम का निर्माण शामिल है। वार्ड 43 रानी पकड़ी गुलरिया माई स्थान के पास भी 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण शामिल है। वार्ड 43 निमिया माईस्थान के पास में15 लाख की लागत से मुक्तिधाम प्लेटफार्म निर्माण

शामिल है। वार्ड 43 में कोहड़ा नदी के किनारे भी 15 लाख से मुक्तिधाम एवं प्लेटफार्म निर्माण शामिल है ।वार्ड 43 घुरौआ पुल के पास करीब 15 लाख से मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी निर्माण को स्वीकृति मिली है। 24 वार्ड 44 में भी करीब 15 लाख से पिपरा पकड़ी में मुक्तिधाम एवं चहारदिवारी का निर्माण कार्य शामिल है ।15 लाख की लागत से स्वीकृति दी गई है। वही वार्ड 45 में खैरी टोला बड़ी नहर के पास मुक्तिधाम एवं प्लेटफार्म का निर्माण कार्य जिसकी प्राक्कलित राशि-15 लाख है। नगर निगम अन्तर्गत वार्ड 38 में करीब 15 लाख की लागत से मुक्तिनाथ का जीर्णोद्धार कार्य शामिल है। वही वार्ड 02 में तूफानी घाट शवदाह ग्रह निर्माण 13.54 लाख से और वार्ड 02 में स्थित जमुनिया घाट के समीप 13.09 लाख से शवदाह गृह का निर्माण हो रहा है।

संत घाट में 39 लाख से भी अधिक की लागत से स्वीकृत मुक्ति घाट मुक्ति धाम का निर्माण कार्य का निविदा प्रक्रियाधिन है। इसके अलावा 2.86 करोड़ की लागत से बसवरिया जगदम्बानगर में विद्युत शवदाह गृह का निर्माण कार्य हो रहा है। मौके पर कनीय अभियंता मनीष कुमार और वार्ड पार्षद शैलेश कुमार मौजूद रहे।

## पश्चिम बंगाल में हुए डबल मर्डर मामले में बिहार मांग रहा इंसाफ परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। पश्चिम बंगाल में हुए डबल मर्डर मामले में आज बिहार इंसाफ मांग रहा है। मृत मेधावी छात्रों के परिजन सरकार से पहल कर उन्हें न्याय दिलाने की गुहार लगा रहे है। क्योंकि अब अंशु व अनिमेष ये दो बिहारी लाल जिन्दा नहीं हैं, लेकिन उनकी आत्मा भटक रही है और कोलकाता की तारातल्ला थाना पुलिस की कार्रवाई पर परिजनों ने सवाल खड़े किये हैं। लिहाजा पीड़ित परिवार ने मामले में सरकार से हस्तक्षेप कर घटना की उच्च स्तरीय जाँच करवाकर उन्हें न्याय दिलाने की मांग किया है । इधर रामनगर की बीजेपी विधायक पद्मश्री भागीरथी देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से न्याय दिलवाने की अपील की है ताकि फिर किसी बिहारी छात्र के साथ ऐसी वारदात न हो । हालांकि इसके लिए विधायक ने सदन में भी आवाज उठाई है। दूसरी ओर इस मामले में केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दूबे ने कहा है की पश्चिम बंगाल में ममता की सरकार महज मुखौटा है वहां गुंडों का राज है जब लोकल लोग महफूज नहीं हैं तो वहां बिहारी और बाहरी कैसे सुरक्षित रहेंगें । दरअसल इंडियन मैरिटाइन यूनिवर्सिटी कोलकाता में बिहार के इन दो मेधावी छात्रों अंशु कुमार श्रीवास्तव और अनिमेष राज की हत्या कर शव को कैंप्स स्थित पोखरा में फेंक दिया गया था। घटना 5 मई 2017 की है जब रामनगर निवासी अंशु व पटना निवासी अनिमेष के दोस्तों ने साजिश कर उन्हें हॉस्टल से बाहर बुलाकर तालाब किनारे लें गए फिर उनके साथ बुरी तरह मारपीट की बाद में उन्हें मौत के घाट उतार कर आरोपियों ने खुद तारातल्ला थाने की पुलिस को घटना की सूचना दीं थी ।घटना की सूचना पर पश्चिम बंगाल पहुँचे परिजनों ने 6 मई को अंशु व अनिमेष के साथियों द्वारा मारपीट कर तालाब में डुबो कर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया । लेकिन अनुसन्धान में पुलिस ने लीपापोती कर कॉलेज प्रबंधन के प्रभाव में आकर साक्ष्य जुटाने के बजाए साक्ष्य मिटा दिया है यहाँ तक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी गड़बड़ कर दिये जाने का आरोप लगा है ।बताया जा रहा है की बिहार के पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत रामनगर निवासी अंशु कुमार श्रीवास्तव और राजधानी पटना निवासी अनिमेष कुमार राज ने उस वक़्त मैरिन इंजिनियरिंग के सेमेस्टर 3 में अव्वल नंबर से शीर्ष स्थान हासिल किया था जिसको लेकर यूनिवर्सिटी द्वारा दोनों बिहारी छात्रों को 50-50 हजार के रीवार्ड भी मिले थे जिसका मलाल बंगाली छात्रों के साथ साथ इनके दोस्तों को था। यही वजह है की इनके साथियों ने धोखे से बुलाकर पहले मारपीट किया फिर तालाब में डुबो दिया और बड़ी हीं चालाकी से पुलिस बुला दी।

## कादीपुर पंचायत भवन में ग्रामसभा कर भू धारियों को दी गई जानकारी



प्रात: किरण, संवाददाता

नगरा। प्रखंड क्षेत्र के कादीपुर पंचायत भवन में शनिवार को राजस्व ग्रामों में जमीन का सर्वे सबंधित रैयतो ,भूधारियो को जानकारी देने के उद्देश्य से ग्राम सभा का आयोजन किया गया. ग्राम सभा का आयोजन में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार मिश्रा ,सरपंच तमन्ना आलम सहित विभिन्न गांव से पहुंचे भू धारियों को अधिकारीयो ने जानकारी दी,वहीं भूमि सुधार विभाग के नगरा प्रखंड के पदाधिकारी विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी ने बताया की सभा का आयोजन कर सभी को जानकारी दी जा रही है साथ ही क्षेत्र के लोगो के बीच रैयतों को भू सर्वेक्षण से सबंधित जानकारी प्रदान की गई है ,इस ग्राम सभा के आयोजन के मौके पर विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी खालिद रशीद मल्की,विशेष सर्वेक्षण कानूनगो सुभाष सिंह ,अमीन निरंजन कुमार ,राहुल कुमार ,गोल्डन कुमार ,रजनीश कुमार ,विवेक कुमार ,अमित कुमार ,एवं भूमि सुधार विभाग के पदाधिकारी एवम कर्मी,पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार मिश्रा ,सरपंच तमन्ना आलम ,वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सहित अन्य दर्जनों भूधारी मौजूद थे।

## विद्यार्थियों के पठन पाठन व हर सुख सुविधा के प्रति विवि कृत संकल्पित:कुलपति




प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। स्नातकोत्तर भौतिक विभाग में रैगिंग विरोधी सप्ताह के समापन समारोह को संबोधन करते हुए जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॥ (डॉ॥) प्रमेन्द्र कुमार वाजपेयी ने छात्र-छात्राओं से अपील किया कि आप ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे दूसरे को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। आप सब एक दूसरे का सहयोग करें जिससे आप का प्रदेश एवं देश बिकसित भारत @ 2047 को पूरा कर सके। कुलपति ने छात्र-छात्राओं की हर सुविधा के संकल्प को प्रदान करने का आश्वासन दिया एवं उनके नियमित रूप से वर्ग में उपस्थित होने की अपील की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रैगिंग विरोधी मार्च निकाला गया जिसे कुलपति ने रवाना किया। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के रैगिंग दस्ता के समन्वयक भौतिक विभाग प्रो० गुणसागर भादव ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए रैगिंग के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भौतिक विभागाध्यक्ष प्रो० महेन्द्र सिंह, प्रो० अच्युतानंद सिंह, रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० रविन्द्र सिंह, प्रो॥ कृष्ण कुमार, डॉ० सुनीता कुमारी सिंह, प्रो० अजीत कुमार तिवारी, डा० सची मिश्रा, डॉ० नीतू कुमारी, डॉ० रुचि त्रिपाठी, डॉ० आलोक रंजन तिवारी आदि उपस्थित थे।

## उपविकास आयुक्त ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजनाओं की समीक्षा

### लक्ष्य के अनुरूप सभी बैंकों को उपलब्धि हासिल करने का दिया स्पष्ट निदेश

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री फॉमेर्लाइजेसन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राइजेज योजना के तहत जिला के विभिन्न बैंकों द्वारा वर्त्तमान वित्तीय वर्ष (2024-25) में लाभुकों को ऋण की स्वीकृति दी जा रही। वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में अबतक बैंकों द्वारा पीएमईजीपी के तहत 61 तथा पीएम एफएमई के तहत 98 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई है। आज उपविकास आयुक्त प्रियंका रानी ने विभागीय पदाधिकारियों एवं विभिन्न बैंकों के उपस्थित प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इन योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बताया गया कि वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीएम ईजीपी के तहत 496 के लक्ष्य के विरुद्ध विभिन्न बैंकों को 720 आवेदन भेजे गये हैं। इनमें से बैंकों द्वारा अबतक 98 आवेदनों को स्वीकृति दी गई है। पीएम एफएमई के तहत 340 के लक्ष्य के विरुद्ध अबतक 336 आवेदन भेजे गये हैं, जिसमें से 49 आवेदन अबतक स्वीकृत किये गये हैं। उपविकास आयुक्त ने जिला में पदस्थापित सभी उद्योग विस्तार पदाधिकारियों को सम्बद्ध किये गये बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर इन बैंकों में अधिक से अधिक आवेदन भेजने तथा सभी लंबित आवेदनों की निरंतर मोनिटरिंग कर संबंधित बैंक के साथ संवाद करके इनका निष्पादन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। सभी बैंकर्स को सरकार की रोजगारपरक योजनाओं में पारदर्शिता एवं उदारता से आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी बैंकों को दिसंबर माह तक दोनों योजनाओं के लिये निर्धारित वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कार्रवाई का निदेश दिया। उपविकास आयुक्त ने कहा कि उनके स्तर से प्रति माह इन योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की जायेगी। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला अग्रणी प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## इसुआपुर अंचल में स्पेशल सर्वे का काम शुरू




प्रात: किरण, संवाददाता

इसुआपुर ।इसुआपुर अंचल के बंदोबस्त पदाधिकारी संजय कुमार के निदेर्शानुसार शनिवार को विशेष सर्वेक्षण सहायक पदाधिकारी संजय भारती के द्वारा तीन पंचायतों इसुआपुर, निपनिया तथा केरवां में ग्राम सभा के माध्यम से स्पेशल सर्वे की जानकारी शिविर लगा कर दी गई। वही बंदोबस्त पदाधिकारी के निर्देशन में सभी व्यक्तियों को सूचित किया गया कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिनियुक्त कोई व्यक्ति ग्राम सीमा भूखंडों की पहचान के लिए प्रवेश कर सकता है तथा पैमाइश के दौरान वृक्षों जंगलों हरे फसलों को हटाने में सहयोग करें। किसी प्रकार का अर्चन या बाधा उत्पन्न नहीं करें। वहीं उपस्थित ग्रामीणों को स्पेशल सर्वे के बारे में बताया व समझाया गया तथा इससे होने वाले फायदे भी बताए गए। वही स्व घोषणा प्रपत्र, वंशावली प्रपत्र, किस्तवार प्रपत्र, खानापूरी प्रपत्र के साथ और प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं लोगों को स्पेशल सर्वे के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया कि अब जीवित व्यक्ति के नाम से जमीन का खाता खतियान खुलेगा तथा भौगोलिक मैप बनेगा। यह प्रक्रिया सारे पंचायत में सुचारू रूप से चलाया जाएगा। ताकि सभी लोगो को इसकी जानकारी हो सके। निपनिया पंचायत भवन पर मुखिया प्रतिनिधि पन्नालाल राय तथा अन्य ग्रामीण थे।

## कुमना खंडहर मठ छतिग्रस्त मामले में अनवल मुखिया शालनी देवी समेत अन्य पाँच लोगों के खिलाफ कोपा थाने में प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण, संवाददाता

कोपा / प्रखंड के अनवल पंचायत के साधपुर बल्ली गांव में स्थित कबीर पंथी मठ को क्षतिग्रस्त करना मुखिया समेत अन्य लोगों को महंगा पड़ गया। जलालपुर के अंचल पदाधिकारी अविनाश कुमार ने जांच एवं स्थल निरीक्षण के बाद शनिवार को अनवल के मुखिया शालिनी देवी,मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुशवाहा उर्फ वीरेन जी,साधपुर के रामेश्वर किशोर, मानसर गांव के भगवान यादव,प्रमोद राय,प्रिंस सिंह के खिलाफ कोपा थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दिया ।मठ स्थित पुराने भवन को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया था ।जिसके बाद मठ के महंथ अनिल भगत ने सारण एसपी को एक सप्ताह पूर्व आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। कोपा थाना क्षेत्र के साधपुर बल्ली गांव में पुराने खंडहर मठ को मुखिया प्रतिनधि बिरेन कुशवाहा द्वारा जेसीबी लगाकर ध्वस्त किया गया। ग्रामीणों को अपने पक्ष में उकसाने का भी कार्य किया गया है।

## पीड़ित परिवार से मिलकर मंत्री जनक राम ने साढ़े 4 लाख की राशि देकर मदद की

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा में जहाँ मारपीट की घटना में हुए विकास मित्र की मौत के बाद शुक्रवार को उनके परिजनों से मिलने बिहार सरकार के मंत्री जनक राम पहुँचे। जिलें के प्रभारी मंत्री जनक राम ने छट्ठू राम के आश्रितों को करीब साढ़े चार लाख की सरकारी राशि बतौर मदद दिये जाने की जानकारी दीं। जो उनकी पत्नी के खाते में हस्तानंतरित भी कर दिया गया है ।दरअसल एक अगस्त को नगर के वार्ड नं 16 पारस नगर में हुईं मारपीट की घटना में जख़्मी विकास मित्र की इलाज के दौरान 5 अगस्त को यूपी के गोरखपुर में मौत हो गईं थी जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने शव लाकर बगहा में बवाल काटा था। हालांकि पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई तेज कर दिया है। बावजूद इसके मृतक के आश्रित को बिहार सरकार अब सरकारी नौकरी देगी और पत्नी को पेंशन मिलेगा ।इसकी जानकारी एसी- एसटी कल्याण मंत्री और पश्चिम चम्पारण जिला के प्रभारी मंत्री जनक राम ने दी है।

## तेंदुए ने रिहायशी इलाके में बछड़े का शिकार किया ग्रामीण सहमे

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के रामनगर प्रखंड के गुदगुदी गांव में बीती रात्रि वीटीआर जंगल से बाहर निकल तेंदुआ ने गाय के बछड़े का शिकार किया। रिहायशी इलाके कि इस घटना के बाद स्थानीय लोग डर से सहम गए हैं ।हालांकि सूचना के बाद मौके पर पहुंचे चिउटाहा रेंज के वनकर्मी तेंदुआ के पग मार्ग की पहचान करने में जुटे हुए हैं। इस घटना के बारे में वीटीआर के वनपाल अंशु कुमार ने बताया है की तेंदुआ का पग मार्ग है ।जिसके ट्रैकिंग में वन विभाग कि टीम जुटी है। घटना स्थल पर एक टीम मौजूद रहेगी जो तेंदुआ कि निगरानी करेगी ताकि कोई बड़ी घटना न हो, वन विभाग कि कोशिश है कि फिर किसी जान माल का नुकसान न हो लिहाजा वनकर्मी पहरेदारी कर रहे हैं। वहीं पीड़ित किसान समेत मुखिया ने वन विभाग प्रशासन से मुआवजे का मांग किया है जिसकी क्वायद में अधिकारी जुटे हुए हैं।

## नगरा के झोपड़ीनुमा घर में आग से युवक गंभीर रूप से घायल, 80 हजार नकद सहित लाखों की संपत्ति राख

प्रात: किरण, संवाददाता

नगरा ।प्रखंड क्षेत्र के नगरा पंचायत अंतर्गत अरवा गांव के पूरब टोला में बीती रात शॉर्ट सर्किट से झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई ।घर के गृहस्वामी रामेश्वर भगत के अनुसार उनका 25 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए ।मुन्ना कुमार बाहर से दो दिन पहले घर लौटे थे,सभी लोग खाना खाकर सो गए थे तभी अचानक आग लग गई,उसी आग की चपेट में आ गए झुलस गए ।आग में दो साइकिल, एक पलंग, दो चौकियाँ, गैस चूल्हा,और 80 हजार रुपये नकद सहित सारा सामान नष्ट हो गया ।स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन दमकल गाड़ी के देर से पहुंचने के कारण नुकसान बढ़ गया ।फिलहाल, मुन्ना का इलाज सदर अस्पताल छपरा में चल रहा है ।वहीं इस संबंध ने नगरा के सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है.

## बाबा नगरिया से कार्यक्रम में सारण की प्रीति- कृति बहनों के गीतों का प्रसारण कल

प्रात: किरण, संवाददाता

रसूलपुर ।सावन की अंतिम सोमवारी 19 अगस्त को ह्यबाबा नगरिया से ह्य कार्यक्रम में सारण की बाल कलाकार गायिकायें प्रीति- कृति बहनें भी गाते हुए दिखेंगी। साथ ही जिले के गायक रामेश्वर गोप भी गायन प्रस्तुत करते हुए दिखेंगे ।न्यूज 18 बिहार झारखंड चैनल पर सुबह 7:30 बजे प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में गायक गोप के अलावे सारण की ही बाल कलाकार प्रीति- कृति बहनें भी अपनी सुमधुर आवाज में शिवभजन गायेंगी। मुकेश मिश्र के निर्देशन में बैजनाथ धाम देवघर केन्द्रित तैयार कार्यक्रम में गायक गोप बिरहिया आवाज में सावन में भोले बाबा के दया खूबे बरसे स्व रचित भजन गायेंगे तो इन्हीं की रचित शिव भजन बोल बोल बम लोग बोल ... गीत को प्रीति -कृति गाते हुए दिखेंगी ।इसके अलावे बिहार के प्रसिद्ध कलाकार ,अंजली भारद्वाज, सत्येन्द्र संगीत, खुशबू उत्तम आदि गायक गायिका भी भगवान शिव का भजन प्रस्तुत करेंगे।

## सनातनियों ने निकाला कैंडिल मार्च

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय ।सारण के सनातनियों द्वारा बंग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में छपरा शहर में कैंडिल मार्च निकाला गया। कैंडिल मार्च में सैकड़ो सनातनियों ने हिस्सा लिया। सनातनी श्याम बिहारी अग्रवाल ने बंग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की भर्त्सना की तथा कहा बंग्लादेश में हिन्दु अल्पसंख्यक है इसलिए उनपर अत्याचार हो रहा है जो अशोभनीय है। बंग्लादेश की सरकार तथा वहाँ के सैनिको को हिन्दुओं के उपर हो रहे बर्बरतापूर्ण हमले को रोकना चाहिए तथा उन्हें सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। विश्व में वसुधैव-कुटुंबकम और सर्वे भवन्त सुखिनः का सन्देश के आधार पर अमन-चैन स्थापित करना चाहिए। वहीं सनातनी अमरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा बंग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दुओं की रक्षा करना वहाँ की सरकार तथा मिलिट्री का दायित्व है जो उपद्रवियों को प्रोत्साहन दे रहे है यह कहीं से भी नैतिकता नहीं है। सनातनी चन्द्र प्रकाश राज ने कैंडल मार्च करते हुए कहा बंग्लादेश पर भारत सरकार को दबाव बनाना चाहिए जिससे वहाँ रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दु अमन-चैन से रह सके। कैंडिल मार्च में अमरेंद्र कुमार सिंह, श्याम बिहारी अग्रवाल, चन्द्र प्रकाश राज, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त, राजेश कुमार, शशिभूषण प्रसाद, हिमान्शु किशोर, अरूण कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, बिकेश बिहारी, मुकेश कुमार शर्मा, भवानी सिंह राणा, विनित सिंह राणा, पंकज पासवान, रवि कुमार, निरज यादव, सुभाष ओझा, रौशन कुमार, शेमल सिंह, राहुल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अमोद सहाय, ब्रजेश कुमार सिंह, दिपक कुमार गुप्ता, बबलू सिंह, राजेन्द्र सिंह कुशवाहा, समीर जायसवाल, शिवा सिंह, रजत कुमार सिंह, निकेश कुमार सिंह, प्रभात कुशवाहा आदि उपस्थित हुए।

## टीम ने दी जानकारी

प्रात: किरण, संवाददाता

जलालपुर ।स्थानीय अंचल क्षेत्र के माधोपुर पंचायत के जीएस बंगरा में जमीन सर्वे टीम ग्राम सभा में सभी लोगों को कागजातों के विषय में जानकारी दी गई सभा की अध्यक्षता अंचल पदाधिकारी अविनाश कुमार ने किया । साथ में ग्रामीणों में माधोपुर पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र यादव सरपंच अनिल किशोर सिंह बीडीसी अनिल पंडित सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे साथ में सर्वे टीम के असिस्टेंट सेटलमेंट ऑफिसर विनीता कुमारी कानून कलाकार विनोद कुमार अमीन अभिषेक राज रंजीत कुमार शुभम राज पंकज कुमार मनीष कुमार अतुल कुमार इत्यादि ने सर्वे क्या है और सर्वे से क्या लाभ है सभी के विषय में लोगों को जानकारियां दी ।

## महिला टी-20 विश्वकप 2024 की दावेदारी के लिए आगे आया यह देश



हरारे (एजेंसी)। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने महिला टी-20 विश्वकप की मेजबानी करने की इच्छा व्यक्त की है। जिम्बाब्वे ने पिछले दो एकदिवसीय विश्वकप क्वालीफायर (2023 और 2018 में) की सफलतापूर्वक मेजबानी की है और उनके दो नए स्टेडियम निर्माणाधीन हैं। इसी कारण से जिम्बाब्वे इस टूर्नामेंट की मेजबानी में अधिक दिलचस्पी ल रहा है। हालांकि उनकी महिला टीम क्वालीफाइ नहीं होने कारण कभी भी विश्वकप में भाग नहीं ले पाई है। जिम्बाब्वे अन्य बड़े आयोजनों की तैयारी के लिए टूर्नामेंट के तटस्थ मेजबान बनने के इच्छुक है। जिम्बाब्वे 2026 में नामीबिया के साथ पुरुष अंडर 19 विश्वकप और 2027 में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ एकदिवसीय विश्वकप की सह मेजबानी करेगा। तब तक देश में दो और अंतरराष्ट्रीय मैदान होंगे। जिम्बाब्वे क्रिकेट और स्थानीय सरकारी अधिकारी विक्टोरिया फॉल्स और मुतारे में बहुउद्देशीय सुविधाओं के निर्माण पर काम कर रहे हैं। जिम्बाब्वे हरारे स्पोर्ट्स क्लब और बुलावायो में क्वींस स्पोर्ट्स क्लब को टी-20 विश्वकप के मेजबान के रूप में पेश कर सकता है। इन मैदानों ने 2023 विश्वकप क्वालीफायर के सभी मैचों की मेजबानी की थी। जिम्बाब्वे में विश्वकप के आयोजन के लिए मौसम एक प्रमुख बिंदु साबित हो सकता है, क्योंकि देश में अक्तूबर में गर्मियों का मौसम रहेगा और तब कम बारिश की उम्मीद है। जिम्बाब्वे में अगर मैच होते है तो वहां दर्शकों की संख्या भी अच्छी होगा, जिसमें स्कूली बच्चों को भी शामिल किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने बारिश के मौसम के कारण मेजबानी की पेशकश को अस्वीकार कर दी थी तथा श्रीलंका भी मौसम संबंधी कारणों से दौड़ से बाहर हो गया है।

## भाग्यश्री और सुमित होंगे पेरिस पैरालंपिक में भारत के ध्वजवाहक




नई दिल्ली (एजेंसी)। पेरिस में 28 अगस्त से शुरु हो रही पैरालंपिक खेलों में भाग्यश्री जाधव और सुमित अंतिल भारत के ध्वजवाहक होंगे। इस बार के पैरालंपिक खेलों में भारत 84 सदस्यीय दल भेज रहा है। यह पैरालंपिक इतिहास में भारत का सबसे बड़ा दल है। इससे पहले टोक्यों ओलंपिक में 54 पैरालंपिक एथलीटों ने शिरकत की थी। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने बताया कि इस बार भारत तीन नए स्पर्धा पैरा साईकिलिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो में भी हिस्सा ले रहा है। इन तीनों खेलों को मिलाकर भारत पैरालंपिक में कुल 12 खेलों में चुनौती पेश करेंगे। महाराष्ट्र की भाग्यश्री ने 2022 एशियाई पैरा खेलों में गोला फेंक एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीता था और टोक्यो पैरालंपिक में सातवें स्थान पर रही थीं। उन्होंने फेजा विश्व कप और विश्व पैरा एथलेटिक्स खेलों में भी पदक जीते थे। स्टार पैरा भाला फेंक एथलीट सुमित ने 2020 टोक्यो पैरालंपिक में 68.55 मीटर के विश्व रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उन्होंने 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता तथा 2022 एशियाई खेल में 73.29 मीटर के थ्रो के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

## ईशान किशन ने बुची बाबू टूर्नामेंट में शतक जड़ा



नईदिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने घरेलू टूर्नामेंट बुची बाबू में मध्यप्रदेश के खिलाफ शतक जड़ कर टीम में वापसी की दावेदारी पेश की है। ईशान करीब 8 महीने से टीम से बाहर चल रहे हैं। वे पिछले साल के आखिरी महीने में साउथ अफ्रीका दौरे को बीच में ही छोड़ कर ब्रेक पर चले गए थे। इस दौरे में उन्हें टी-20 और टेस्ट टीम में जगह दी गई थी। उन्हें टी-20 के एक भी मैच में प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था। वह वनडे स्क्वॉड का हिस्सा नहीं थे। इसके बाद टेस्ट सीरीज में उनका नाम था, लेकिन वे पहले ही भारत लौट गए थे। ईशान बुची बाबू टूर्नामेंट में झारखंड की कप्तानी कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के खिलाफ मैच में उन्होंने 107 गेंदों पर 114 रन की पारी खेली जिसमें 10 छक्के और 5 चौके शामिल हैं। ईशान जब 92 के स्कोर पर बल्लेबाजी कर रहे थे, उसके बाद उन्होंने लगातार दो छक्के जड़ कर अपना शतक पूरा किया। ईशान ने मध्य प्रदेश के खिलाफ मैच में 107 गेंदों पर 114 रन की पारी खेली, जिसमें 10 छक्के और 5 चौके शामिल हैं।

# विनेश फोगाट का भव्य स्वागत



नई दिल्ली (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बावजूद अधिक वजन होने के कारण पदक नहीं जीत पाने वाली भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट का शनिवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे स्टार खिलाड़ियों के अलावा पंचायत नेता भी विनेश का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। विनेश फूल मालाओं से लदी थी। उन्होंने खुली जीप में सवार होकर लोगों का आभार व्यक्त किया।

विनेश ने हाथ जोड़कर कहा कि मैं पूरे देश का आभार व्यक्त करती हूं। यह विशाल काफिला विनेश के साथ हरियाणा के बलाली गांव तक जाएगा। विनेश के आगमन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले किए गए वजन में उनका वजन 100 ग्राम अधिक निकला था जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। विनेश ने संयुक्त रूप से रजत पदक दिलाने के लिए खेल पंचाट में अपील की थी जिसके कारण वह पेरिस में रुकी रही। खेल पंचाट ने उनकी अपील को खारिज कर दिया था।



लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के नेता गगन नारंग ने विनेश को चैंपियन करार दिया। यह दोनों एक ही उड़ान से दिल्ली पहुंचे थे। नारंग ने पेरिस हवाई अड्डे पर विनेश के साथ खींची गई तस्वीर को एक्स पर पोस्ट किया। नारंग ने लिखा- वह खेल गांव में पहले दिन चैंपियन के रूप में पहुंची थी और वह हमेशा हमारी चैंपियन रहेगी। कुछ अवसरों पर करोड़ों लोगों को प्रेरित करने के लिए ओलंपिक पदक की जरूरत नहीं पड़ती। विनेश फोगाट आपने लोगों को प्रेरित किया है। आपके जज्बे को सलाम। विनेश के भाई हरविंदर फोगाट ने कहा कि विनेश स्वदेश लौट रही है। लोग यहां हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए पहुंचे हैं। लोग हमारे गांव में भी उनका स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे हैं। लोग उनसे मिलने को लेकर उत्साहित हैं।

## दूसरी पारी में टिके दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज, वेस्टइंडीज पर हुई 239 रन की लीड



प्रोविडेंस (एजेंसी)। एडेन मार्कराम और काइल वेरेन के अर्धशतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 239 रन की बढ़त हासिल कर ली। अपनी पहली पारी में 160 रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 223 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 144 रन पर आउट हो गई थी।

मार्कराम ने 50 रन बनाए जबकि वेरेन 51 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर वियान मुल्डर 34 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले वेस्टइंडीज की तरफ से जेसन होल्डर ने नाबाद 54 रन की पारी खेली। उन्होंने शमर जोसेफ (25) के साथ दसवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को दक्षिण अफ्रीका के स्कोर के करीब पहुंचाया। प्रोविडेंस स्टेडियम में शुरुआती दिन 17 और दूसरे दिन आठ विकेट गिरे।

वियान मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले जेडेन सील्स ने दूसरी पारी में अभी तक 52 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। इन दोनों टीम के बीच त्रिनिदाद में खेला गया पहला मैच बारिश से प्रभावित रहा था तथा ड्रॉ समाप्त हुआ था। दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के बाद इन दोनों टीमों के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला खेली जाएगी। विंडीज ऑलराऊंडर जेसन होल्डर ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि बस अधिक से अधिक रन बनाने और साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहा था। जब शमर आए तो वह बहुत सकारात्मक थे और उन्होंने गति बरकरार रखी। प्रत्येक पारी अलग है, मैं बस उसे वैसे ही खेलने की कोशिश करता हूं जैसे वह आती है। कुल मिलाकर, मैं जिस तरह से खेला उससे काफी खुश हूं। हमें बस अच्छा अनुशासन मिला, हमारे सीमरों ने बाद में इस ट्रैक पर अच्छा प्रदर्शन किया। हमें वह गति और अनुशासन बनाए रखना होगा। मुझे लगता है कि कल सुबह पहला सत्र महत्वपूर्ण है। महत्वपूर्ण बात यह है कि बहुत अधिक रन न बनने दें और हमारे पास इस खेल में पर्याप्त समय है और हमें विश्वास है कि वे हमें जो भी मौका देंगे हम उसका पीछा कर सकते हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**वेस्टइंडीज** – क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), मिकाइल लुइस, कीसी कार्टी, एलिक अथानाजे, केवम हॉज, जेसन होल्डर, जोशुआ दा सिल्वा (विकेटकीपर), गुडाकेश मोती, जोमेल वारिकन, शमर जोसेफ, जेडन सील्स

**दक्षिण अफ्रीका** – एडेन मार्करम, टोनी डी ज़ोरज़ी, ट्रिस्टन स्टब्स, टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेटकीपर), वियान मुल्डर, केशव महाराज, डेन पिड्ट, कैगिसो रबाडा, नंद्रे बर्गर

## खिलाड़ी से कोच बनने के लिए मानसिक रूप से तैयारी करनी होगी :श्रीजेश



कोच्चि (एजेंसी)। भारतीय हॉकी के महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश को यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि अगले दो तीन महीने पर खिलाड़ी से कोच बनने के लिए खुद को तैयार करने पर बिताएंगे। यहां उनके स्वागत में हवाई अड्डे से पालारिवत्तोम तक रोडशो किया गया। श्रीजेश ने कहा, 'देश के लिए कड़ी मेहनत करके, कई कुर्बानियां देकर पदक जीता और यह सिर्फ मेरा नहीं बल्कि देश का पदक है। इस खुशी का हिस्सा बनना सोने पे सुहागे जैसा है। खुशी दुगुनी हो गई है। उन्होंने कहा, 'अब मुझे एक खिलाड़ी से एक कोच बनना है। इसके लिए मानसिक रूप से तैयारी करनी होगी। अगले दो तीन महीने वही करूंगा।

यहां पहुंचने पर श्रीजेश के स्वागत के लिए काफी भीड़ जमा थी जिनमें कई विधायक भी थे। लोगों ने हाथ में श्रीजेश की तस्वीर वाले प्लेकार्ड ले रखे थे। रोडशो के दौरान खुली जीप में श्रीजेश ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्हें फूल, गुलदस्ते भेंट किये गए और लोगों में उनसे हाथ मिलाने की होड़ लगी थी। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया। अब वह जूनियर टीम के कोच होंगे।

## श्रीलंकाई बल्लेबाज निरोशन डिकवेला डोपिंग में फंसे, तत्काल निलंबित



कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला को डोपिंग टेस्ट में विफल पाये जाने पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंधित कर दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिकवेला पर निलंबन तत्काल प्रभाव से लागू होगा और तब तक जारी रहेगा जब तक कि आगे की सूचना न दी जाए। विज्ञप्ति अनुसार, ''लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2024 के दौरान श्रीलंका एंटी-डोपिंग एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षण खेल की अखंडता बनाए रखने के लिए एसएलसी की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

खेल मंत्रालय के सहयोग से और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के दिशानिर्देशों के अनुसार की गई इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्रिकेट निषिद्ध पदार्थों के प्रभाव से मुक्त रहे। एसएलसी, खेल मंत्रालय और एसएलएडीए के साथ मिलकर खेल को डोपिंग उल्लंघनों से बचाने के लिए घरेलू टूर्नामेंटों के दौरान इन परीक्षणों को भी आयोजित कराया जाता है।

डिकवेला हाल ही में संपन्न लंका प्रीमियर लीग (एसपीएल) के दौरान विश्व डोपिंग रोधी दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित एक डोपिंग टेस्ट को पास करने में विफल रहे हैं। आगे की जांच पूरी होने तक उन्हें क्रिकेट के सभी प्रारूपों से निलंबित कर दिया गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज डिकवेला ने एलपीएल 2024 में गैल मार्वल्स की टीम की कप्तानी की थी। वह आखिरी बार मार्च 2023 में राष्ट्रीय टीम के लिए खेले थे। इस साल की शुरुआत में बंगलादेश के खिलाफ श्रीलंका की टी-20 सीरीज के लिए उन्हें टीम में शामिल किया गया था। हालांकि उन्हें एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला था।

पेरिस पैरालम्पिक

## खेल मंत्री मांडविया बोले- मैंने 25 पदक का लक्ष्य बताया है



नई दिल्ली (एजेंसी)। अपनी जिंदगी में हर तरह की चुनौतियों को मात देकर पैरालंपिक खेलों में भारत के प्रतिनिधित्व के लिए तैयार खिलाड़ी एक बार फिर से इन खेलों में अपनी चमक बिखरने को तैयार हैं। पैरालंपिक खेलों का आयोजन 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पेरिस में होगा। भारत के 84 सदस्यीय दल के लिए शुक्रवार को यहां आयोजित विदाई समारोह में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि उन्हें 'चुनौती' को चुनौती देने वाले खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। इस मौके पर खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया और उद्घाटन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक भाला फेंक चैंपियन सुमित अंतिल मौजूद थे।

मांडविया ने पिछले कुछ वर्षों में पैरा खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत का 84 सदस्यों का दल पेरिस जा रहा है। पिछली बार टोक्यो पैरालंपिक में यह संख्या 56 थी। हमारे 56 खिलाड़ियों के दल ने 19 पदक जीते लेकिन इस बार हमारे खिलाड़ियों की संख्या 84 है। हमें उम्मीद और विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी पेरिस में पहले से अच्छा प्रदर्शन कर अपने माता पिता और देश का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने पैरालंपिक खिलाड़ियों से कहा कि आप चुनौती को चुनौती देने वाले खिलाड़ी हो, आप विपरीत परिस्थिति को अनुकूल करने वाले लोग हो। आपको बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। इस मौके पर भाला फेंक चैंपियन सुमित और गोला फेंक की अनुभवी खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव को उद्घाटन समारोह के लिए भारतीय दल का ध्वजवाहक नामित किया गया।

सुमित ने कहा कि मैं इन खेलों में एक बार फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। कोशिश रहेगी कि स्वर्ण पदक के साथ देश वापस आए। तोक्यो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ने कहा कि इस बड़े आयोजन में देश का ध्वजवाहक होना गर्व की बात है। यह पहली बार है जब मैं पैरा खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनूंगा। काफी अच्छा लग रहा है। पीसीआई अध्यक्ष झाझड़िया ने कहा कि उन्हें भारतीय दल से 25 से ज्यादा पदक की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मैंने 25 पदक का लक्ष्य बताया है लेकिन मुझे उससे अधिक पदक की उम्मीद है। मैं खुद खिलाड़ी रहा हूं और मैंने भारतीय खिलाड़ियों की तैयारियों को करीब से देखा है। मुझे उनसे काफी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। हम अगर इस लक्ष्य को हासिल कर सकें तो पदक तालिका में शीर्ष 20 देश में जगह बना सकते है। उन्होंने कहा कि उन्हें एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा सफलता की उम्मीद है। ओलंपिक में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने वाले इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि मुझे एथलेटिक्स से सबसे ज्यादा पदक की उम्मीद है। इसमें हमारे 38 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। हमारे सभी खिलाड़ी पदक के दावेदार है।

## तीन महीने के ब्रेक पर होंगी मनु भाकर , सीखेंगी यह 3 चीजें, कोच राणा हुए चिंतित



नई दिल्ली (एजेंसी)। लगातार अभ्यास के दौरान पिस्टल रिकॉइल से उनके निशानेबाजी वाले हाथ में घाव हो गया लिहाजा ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर अब 3 महीने तक ब्रेक की हकदार है लेकिन यह उनके लिए छुट्टी नहीं होगी। मनु के रूटीन में कोई बदलाव नहीं होगा यानी वह सुबह छह बजे उठकर योग करेंगी। इसके अलावा वह अपने कुछ शौक भी पूरे करना चाहती है जिसमें घुड़सवारी, स्केटिंग, भरतनाट्यम और वॉयलिन का अभ्यास शामिल है। 22 वर्ष की मनु ने शुक्रवार को अपने कोच जसपाल राणा के साथ अपने करियर और भविष्य की योजनाओं पर बातचीत की।

हरियाणा के झज्जर की रहने वाली मनु ने कहा कि अब मेरे पास ब्रेक है तो मैं फिर से मार्शल आर्ट्स का अभ्यास कर सकती हूं। उन्होंने कहा कि मेरे पास पहले उतना समय नहनीं था लेकिन अब अपने शौक के लिये समय निकाल सकती हूं। मुझे घुड़सवारी का शौक है, स्केटिंग और फिटनेस वर्कआउट का शौक है। इसके अलावा मैं भरत नाट्यम सीख रही हूं। मुझे भारतीय नृत्य शैलियां पसंद है। वॉयलिन बजाना भी सीख रही हूं।

मनु ने 'छुट्टी' के लिए अपनी 'बकेट लिस्ट% का खुलासा किया तो राणा के चेहरे पर मुस्कान आ गई जिन्होंने घुड़सवारी के लिए मना किया। उन्होंने कहा कि फिर उसे एक पीस में लौटना होगा। यह सुनकर मनु हंस पड़ी। राणा ने कहा कि उसे स्केटिंग और घुड़सवारी नहीं करनी चाहिए क्योंकि कुछ भी होगा तो वह जिम्मेदार होगी। यह सोचकर कौन घोड़े पर बैठता है कि वह गिर जाएगा।

मनु ने कहा कि मैं ओलंपिक खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मुझे घुड़सवारी करनी है। मुझे स्काय डाइविंग, स्कूबा डाइविंग भी करनी है। मैंने लंबा इंतजार किया है। कोच राणा ने कहा कि इस चोट की वजह से हम उसे 3 महीने का ब्रेक दे रहे हैं। उसे पिछले 8 महीने से यह घाव है जो अभी तक भरा नहीं है। इसलिए आराम जरूरी है। हमने विश्व कप की घोषणा से बहुत पहले यह फैसला लिया था। इस ब्रेक में वह बस निशानेबाजी नहीं करेगी लेकिन सुबह योग वगैरह सब करेगी। मनु अक्टूबर में दिल्ली में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल और राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में नहीं खेलेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में दो नई रेल लाइन के फाइनल सर्वे को मंजूरी

**कोरबा, एजेंसी।** रेल मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के कोरबा से अंबिकापुर और गढ़चिरौली से बचेली (व्हाया-बीजापुर) नई रेल लाइन के लिए फाइनल सर्वे को मंजूरी दे दी है। इसके तहत कोरबा से अम्बिकापुर (180 किमी) एवं गढ़चिरौली से बचेली (व्हाया-बीजापुर) (490 किमी) नई रेल लाइन निर्माण के लिए फाइनल सर्वे व डीपीआर(विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने के लिए रेल मंत्रालय की ओर से 16.75 करोड़ रुपए की राशि भी मंजूर की गई है। दोनों नई रेल लाइन के लिए फाइनल सर्वे की मंजूरी पर रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण राज्य है। छत्तीसगढ़ में इस समय 37,018 करोड़ रुपए की लागत से 2,731 किलोमीटर की 25 नई रेल लाइन परियोजनाओं पर काम चल रहा है। जब रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हो और उसी समय नई पटरी का निर्माण, नए स्टेशन का निर्माण, रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास एवं यार्ड रिमॉडलिंग जैसे रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर से संबंधित विभिन्न कार्य किए जाते हैं, तो ट्रेनों के सुगम परिचालन में कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं। इसी के चलते कई बार ट्रेनों को रद्द भी करना पड़ता है लेकिन हम संकल्पित हैं कि छत्तीसगढ़ में जल्द से जल्द विश्वस्तरीय रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्मित करेंगे और राज्य के लोगों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएंगे एवं अधिक से अधिक ट्रेनें चलाएंगे। रेलमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात हुई थी। इस दौरान उन्होंने राज्य में रेलवे से संबंधित कई परियोजनाओं की मांग की थी। इन्हीं में से आज 670 किलोमीटर की दो नई रेल लाइन परियोजनाओं की डीपीआर (16.75 करोड़ रुपए) को स्वीकृति दी गई है। इनमें 180 किलोमीटर लंबी कोरबा एवं अंबिकापुर नई रेल लाइन परियोजना की डीपीआर (4.5 करोड़ रुपए) एवं 490 किलोमीटर लंबी गढ़चिरौली-बचेली वाया बीजापुर नई रेल लाइन परियोजना की डीपीआर (12.25 करोड़ रुपए) शामिल है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल छत्तीसगढ़ राज्य में रेल नेटवर्क का जाल बिछाने के लिए कृत संकल्पित है। इस वर्ष केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में रेल विकास के लिए 6,922 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जो कि वर्ष 2009 से 2014 के दौरान छत्तीसगढ़ को प्रति वर्ष आवंटित किए जाने वाले औसतन 311 करोड़ रुपए के बजट से लगभग 22 गुना अधिक है।

### बंगाल की स्थिति के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार- राज्यपाल सीवी आनंद बोस

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता में डॉक्टर से रेप और हत्याकांड को लेकर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने ममता बनर्जी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बंगाल में बर्बरता और घोटालों ने आम लोगों की जिंदगी दुश्वार कर दी। उन्होंने बंगाल की स्थिति के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि दो मेडिकल स्टूडेंट्स ने उनसे कहा कि उनका परिवार चाहता वे यह प्रोफेशन छोड़ दें। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में आनंद बोस ने कहा कि आरजी कर अस्पताल में मृत पाई गई ट्रेनी डॉक्टर के नाम पर राजभवन का एक कक्ष खोला गया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर का नाम अभया दिया गया है। अगर किसी भी डॉक्टर को कभी धमकी मिलती है या फिर डर लगता है तो वह राजभवन के इस कक्ष का मेहमान हो सकता है। इस हत्याकांड के बाद विरोध प्रदर्शन और अस्पताल में तोड़फोड़ को लेकर राज्यपाल ने कहा कि राज्य में गुंडागर्दी और घोटाले बहुत बढ़ गए हैं और आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने कहा, मेडिकल स्टूडेंट्स का कहना है कि उन्हें सुरक्षा मिलनी चाहिए। कैंपस के अंदर सुरक्षा के इंतजाम ही नहीं हैं। कुछ छात्राओं ने कहा कि उनके माता-पिता प्रोफेशन छोड़ने को कह रहे हैं। उनका कहना है कि जीवन किसी भी प्रोफेशन से ज्यादा जरूरी है। वहीं डॉक्टर गांवों में सेवा करने को इसलिए नहीं तैयार हैं क्योंकि वहां गुंडागर्दी बहुत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की सड़कों पर राजनीति के नाम पर क्या होता है। यह मेरा काम नहीं है लेकिन इससे समाज में डर फैलरहा है। बंगाल में हिंसा ही हिंसा है। उन्होंने कहा कि गोपालकृष्ण गोखल ने कहा था, जो आज बंगाल सोचता है वही क ल भारत सोचेगा। यही बात रवींद्रनाथ टैगोर ने भी कही थी कि जहां लोगों के जेहन में डर ना हो ऐसे लोकतंत्र की जरूरत है। लेकिन उनके सपनों का बंगाल अब कहां है।

# पहला रनवे और एटीएस टावर तैयार, नवंबर में ट्रायल रन; नोएडा एयरपोर्ट से दिसंबर से शुरू होगी उड़ान

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।**
नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टावर और 3900 मीटर लंबा पहला रनवे बनकर तैयार हो गया। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) ने एटीसी को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) को हस्तांतरित कर दिया है। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि दिसंबर से एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान शुरू होनी है। ऐसे में प्रथम चरण के तहत एक रनवे, एटीसी और टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा था। शुक्रवार को एयरपोर्ट का पहला 3900 मीटर लंबा रनवे बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एक्स हैंडल से भी रनवे की तस्वीर जारी कर जानकारी दी गई। वहीं, खास बात यह भी है कि एटीसी टावर का निर्माण पूरा होने के बाद इसे एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को हस्तांतरित कर दिया गया है। अब एएआई एटीसी के उपकरणों की जांच समेत अन्य औपचारिकताएं पूरी करेगा। यह कार्य एक माह में पूरा किया जाना है।

वहीं, टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण में रुकावट बनी स्टील भी काफी समय पहले आ चुकी है। पहले टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण 90 प्रतिशत तक पूरा होने का दावा किया गया है। टर्मिनल बिल्डिंग में यात्रियों के चेकइन और बॉर्डिंग से लेकर अन्य उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें ई-गेट के साथ ही फ्लाइट इंफोर्मेशन डिस्पले सिस्टम भी शामिल हैं। इसके अलावा बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम को परखा जा चुका है।प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट पर पांच मंजिला एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टावर



बनाया गया है। यह टावर हवाई यातायात की निगरानी के लिए होता है। एटीसी का संचालन एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हाथों में होता है। एटीसी का प्राथमिक उद्देश्य हवा में विमानों के टकराव को रोकना और पायलटों को जानकारी और सहायता प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि पहला चरण 1334 हेक्टेयर में विकसित होगा। एयरपोर्ट पर नवंबर से ट्रायल रन शुरू होने की संभावना है। अधिकारियों के मुताबिक एयरपोर्ट पर विमानों के टेकऑवर से लेकर लैंडिंग तक हर प्रकार के उपकरणों की जांच की जानी है। वहीं, अप्रैल में एयरपोर्ट पर नेविगेशन प्रणाली की जांच के लिए बीचक्राफ्ट किंग एयर बी-300 उड़ान भरकर चुका है। विमान से नेविगेशन प्रणाली की जांच की गई थी। ये प्रक्रिया एक सप्ताह तक चली थी। अब रनवे का ट्रायल किया जाएगा। विमानों की उड़ान से पहले हर प्रकार के उपकरणों की बारीकी से जांच की जाएगी। टर्मिनल बिल्डिंग में यात्रियों को कैसे लाया जाएगा, यात्री विमान तक कैसे पहुंचेंगे, इसके अलावा विमान की उड़ान के समय नेविगेशन, रडार सिस्टम ठीक से काम कर रहे हैं आदि बिंदुओं की जांच की जाएगी।

नायल के सीईओ अरुणवीर सिंह ने कहा, एयरपोर्ट पर एटीसी टावर और रनवे बनकर तैयार हो गया है। एटीसी को एयरपोर्ट अथॉरिटी को हस्तांतरित कर दिया गया है। एक माह में एटीसी के उपकरणों की जरूरी टेस्टिंग और अन्य औपचारिकताएं पूरी कर दी जाएंगी।

## सबसे ज्यादा सीट का मतलब सीएम पद नहीं, उद्धव ठाकरे ने बढ़ाई कांग्रेस की टेंशन

**मुंबई, एजेंसी।** शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक सीट जीतने वाली पार्टी के मुख्यमंत्री पद पर दावे वाले फॉर्मूले की बजाय चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने पर जोर दिया और कहा कि वह महा विकास आघाडी (एमवीए) की ओर से घोषित ऐसे किसी भी उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। एमवीए पार्टी कार्यकर्ताओं को यहां संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हुए हैं तो विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र के स्वाभिमान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने आगे कहा कि वह इस विचार का समर्थन नहीं करते कि अधिकतम विधायकों वाली पार्टी को मुख्यमंत्री पद मिले। उद्धव ठाकरे के इस बयान के बाद कांग्रेस की टेंशन बढ़ गई है। दरअसल, राज्य में कांग्रेस सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है और अब ठाकरे के बयान से साफ है कि वे मुख्यमंत्री पद सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले दल को ही मिले, इसके इच्छुक नहीं हैं।

एमवीए में शिव सेना (यूबीटी), शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला पहले किया जाना चाहिए न कि चुनाव में सबसे अधिक सीट जीतने वाली पार्टी के तर्क वाले आधार पर। ठाकरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन के दौरान उनका अनुभव यह रहा कि जिसके पास संख्या होगी उसे मुख्यमंत्री का पद मिलेगा। उन्होंने इस नीति को नुकसानदेह करार दिया क्योंकि इससे एक दल, अपने गठबंधन में बढ़त बनाए रखने के लिए दूसरे दल के उम्मीदवार को हराने की कोशिश करेगा।

ठाकरे ने कहा, पहले (मुख्यमंत्री का चेहरा) फैसला करें और फिर आगे बढ़ें लेकिन इस नीति (जिनके पास सबसे ज्यादा सीट होंगी उसे मुख्यमंत्री पद मिलेगा) के अनुसार न चलें।

## अटल सेतु पर आत्महत्या कर रही थी महिला, पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंच बचाई जान




**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के नवी मुंबई में आत्महत्या की कोशिश करने वाली महिला को पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ से बचा लिया। महिला ने अटल सेतु से कूदकर अपनी जान देने की कोशिश की थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम 7 बजे मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ने वाले अटल सेतु पर एक महिला पहुंची थी। इस दौरान महिला अटल सेतु पर चढ़ गई और फ्लाईओवर से समंदर में कूदने की कोशिश करने लगी।

हालांकि, मौके पर मौजूद एक शख्स ने महिला को पकड़ लिया। इस बीच अटल सेतु पर पेट्रोलिंग पर निकली गाड़ी भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को पकड़ लिया। और उसे ऊपर की ओर खींच लिया। महिला की उम्र 56 साल के आसपास बताई जा रही है। वह मुलुंड की रहने वाली है और मानसिक तनाव से पीड़ित है। जानकारी के अनुसार, मानसिव तनाव के कारण ही वह आत्महत्या के इरादे से अटल सेतु पर आई थी।

महिला जब सेतु से कूदने जा रही थी तभी स्थानीय ट्रैफिक पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे बचा लिया। बता दें कि जिन पुलिसकर्मियों ने महिला को बचाया है। उनके नाम ललित शिरसाट, किरण मात्रे, यश सोनवणे और मयूर पाटिल हैं। इन पुलिसकर्मियों की तत्परता के कारण ही महिला की जान बच पाई। फिलहाल महिला को काउंसलिंग और इलाज के लिए घर भेज दिया है।

# गंगाजल सप्लाई को अगले माह शुरू होगा सर्वे; 5 जगह बनेंगे रिजर्व वायर

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद के खोड़ा में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। खोड़ा में गंगाजल की आपूर्ति के लिए अगले महीने से सर्वे का काम शुरू कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश जल निगम अगले महीने प्राइवेट कंपनियों से सर्वे करवाएगी। सर्वे टीम गलियों और सड़कों की नपाई, मिट्टी की जांच सहित गंगा जल लाइन और रिजर्व वायर बनाने के लिए पूरा खाका तैयार कर जल निगम को रिपोर्ट सौपेंगी। जल निगम इसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा। गंगा जल आपूर्ति के लिए 247 करोड़ रुपये की राशि शासन द्वारा पहले ही पारित की जा चुकी है। खोड़ा में पांच जगह रिजर्व वायर बनाए जाएंगे।

नोएडा के छिजारसी से पाइप लाइन के जरिये पांचों रिजर्व वायर में गंगा जल पहुंचाया जाएगा। रिजर्व वायर में मोटर के जरिए घर घर तक गंगा जल पहुंचेगा। खोड़ा में गंगा जल आपूर्ति के बाद खोड़ा उन चुनिंदा नगरपालिकाओं में शामिल हो जाएगी, जिसमें एक ही योजना में पूरी नगरपालिका को गंगा जल उपलब्ध करवाया गया है।

गाजियाबाद में 10 एकड़ में नई टाउनशिप बसाने की तैयारी, तृष्ठ की इन इलाकों पर नजर टैंकरों और सबमर्सिबल के सहारे 12 लाख



की आबादी ~ खोड़ा की 12 लाख की आबादी टैंकरों और समर्सिबल से पानी की जरूरत पूरी कर रही है। लगातार जल दोहण से खोड़ा के पानी का स्तर 500 फीट तक पहुंच गया है, जिसके कारण खोड़ा में धीरे धीरे समर्सिबल भी बंद होते जा रहे हैं।

लोग प्राइवेट टैंकरों से पानी खरीद कर अपनी जरूरत पूरी कर रहे हैं, जिससे निवासियों की आधी आमदनी पानी की जरूरत पूरी करने में खर्च हो जाती है। नगरपालिका परिषद द्वारा 70 टैंकर चलाए गए, लेकिन 35 टैंकर ही फिलहाल पानी पहुंचा रहे हैं। नगरपालिका के टैंकरों पर रोजाना पानी के लिए झड़पें होती हैं। पानी की पर्याप्त आपूर्ति के बाद लोगों की दिक्कत दूर हो सकेगी।

खोड़ा पिछले दस वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रहा है। खोड़ा के जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या से किनारा कर लिया था, जिसके बाद आम नागरिकों ने धरना प्रदर्शन और हस्ताक्षर अभियान चलाएं। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मोर्चा खोला। पानी की मांग को लेकर कई बार लोग भूख हड़ताल तक कर चुके हैं।

## बांग्लादेशी सुरक्षा बलों ने अनावश्यक बल प्रयोग किया, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में इसके पुख्ता संकेत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को कहा कि इस बात के पुख्ता संकेत हैं कि बांग्लादेशी सुरक्षा बलों ने विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर अनावश्यक बल का प्रयोग किया, जिसके बाद भीड़ हिंसक हो गई और प्रदर्शनकारियों ने ढाका की सड़कों पर अपना कब्जा कर



लिया। भीड़ को हिंसक होते देख 76 वर्षीय शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर हेलीकॉप्टर से पड़ोसी देश भारत भाग गईं, जिससे उनके 15 साल के कठोर शासन का नाटकीय अंत हो गया। यूएन ने कहा कि पांच अगस्त को शेख हसीना के अपदस्थ होने से पहले कई हफ्तों तक चले विरोध प्रदर्शनों में 450 से ज्यादा लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने बांग्लादेश में हुई हिंसा पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें यूएन ने कहा, सुरक्षा बलों ने स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए अनावश्यक और अनुपातहीन बल का प्रयोग किया। इसके मजबूत संकेत हैं, जो आगे की स्वतंत्र जांच की मांग करते हैं। कथित उल्लंघनों में न्यायेतर हत्याएं, मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां और हिरासत, जबरन गायब करना, यातना और दुर्व्यवहार तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सभा पर गंभीर प्रतिबंध शामिल हैं। रिपोर्ट में कानून और व्यवस्था की तेजी से बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही आगे की जानमाल हानि, हिंसा और प्रतिशोध की कार्रवाई को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने यूएन जांचकर्ताओं को उनके निष्कासन के साथ हुई हिंसा की जांच करने के लिए आमंत्रित किया है। 84 वर्षीय यूनुस पिछले सप्ताह यूरोप से लौटे हैं और एक अस्थायी प्रशासन का नेतृत्व कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक सुधारों को आगे बढ़ाने की चुनौती का सामना कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा, बांग्लादेश में परिवर्तन यह सुनिश्चित करने का एक मौका था कि शासन अधिकारों और कानून पर आधारित हो।

## पाकिस्तान में सिख महिला को बंधक बनाकर 9 महीने तक गैंगरेप, बेटे का भी अपहरण किया

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले में एक सिख महिला को 9 महीने तक बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि महिला और उसके नाबालिग बेटे को सुरक्षित मुक्त करा लिया गया है और इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना लाहौर से करीब 130 किलोमीटर दूर पंजाब के फैसलाबाद जिले में हुई। पीड़िता तलाकशुदा सिख महिला है और वह अपने बेटे के साथ अकेली रहती थी। कुछ साल पहले, पीड़िता की एक दोस्त, साइमा, ने उसे खुर्शीद शाहजाद नामक व्यक्ति से मिलवाया था। साइमा ने यह परिचय अपने हितों के लिए कराया था, जो आगे चलकर इस भयावह घटना का कारण बना। खुर्शीद शाहजाद और उसके भाई किजर शाहजाद ने पीड़िता को जबरदस्ती बंधक बना लिया और उसे उनके घर में कैद कर लिया। इस दौरान, वे उसे नियमित रूप से धमकाते रहे और बार-बार उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। महिला को इस अवैध कैद से बचने का कोई मौका नहीं दिया गया। आरोपियों ने उसके नाबालिग बेटे का अपहरण भी कर लिया और उसे अपनी मर्जी से काम करने के लिए मजबूर किया। आरोपियों ने पीड़िता के बेटे को ननकाना साहिब से फैसलाबाद आने के लिए मजबूर किया। उन्होंने बच्चे को बहाना बनाकर बुलाया कि उसकी बुआ के घर जाना है। लेकिन फैसलाबाद पहुंचने पर, आरोपियों ने बच्चे को बंधक बना लिया और पीड़िता को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। पीड़िता के रिश्तेदारों ने पुलिस से संपर्क किया और पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। 14 अगस्त को पुलिस ने आरोपियों के घर पर छापा मारा और वहां से महिला और उसके बेटे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस ने खुर्शीद शाहजाद और किजर शाहजाद को गिरफ्तार कर लिया है।

# अंतरिक्ष में ज्यादा समय रहकर सुनीता विलियम्स और विल्मोर समय की समझ को बदल सकेंगे

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** नासा के दो अंतरिक्ष यात्री, कमांडर बैरी विल्मोर और पायलट सुनीता विलियम्स, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर फंसे हुए हैं और धरती पर उनकी वापसी कब होगी, किसी को इसकी जानकारी नहीं है। दोनों अंतरिक्षयात्रियों को सिर्फ आठ दिनों के लिए स्पेस स्टेशन भेजा गया था, लेकिन विमान खराब हो जाने से दोनों वहीं फंस गये।

उनके फंसने की वजह बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में आई खराबी है। आईएसएस के रास्ते में अंतरिक्ष यान में हीलियम लीक और थ्रस्टर समस्याओं का अनुभव हुआ, जिससे इसकी सुरक्षा के बारे में चिंताएं बढ़ गईं।

नासा और बोइंग, वर्तमान में यह आकलन कर रहे हैं कि स्टारलाइनर अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर सुरक्षित रूप से वापस ले जा सकता है या नहीं। यदि सुरक्षित पाया जाता है, तो विल्मोर और विलियम्स जल्द ही वापस आ सकते हैं। लेकिन, अगर अधिकारी स्टारलाइनर



का उपयोग करने के खिलाफ फैसला करते हैं, तो अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षा में कम से कम 6 महीने और रहना पड़ सकता है, जो काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

इस तरह की चरम स्थितियों में, जीवन पर संकट के अलावा जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव काफी ज्यादा होते हैं, जिससे उनका स्पेस स्टेशन में रहना और ज्यादा तनावपूर्ण और चिंताजनक हो जाती है। समय की धारणा का विकृति इस तनाव में एक महत्वपूर्ण कारक है। इंतजार करते समय, लोग समय पर बार बार ध्यान देते हैं, जिसकी वजह से लोग फ्रस्टेशन में जाने लगते हैं। सामान्य दैनिक जीवन के दौरान, हमारा दिमाग सीमित क्षमता के कारण अक्सर समय को नजरअंदाज करता रहता है। लेकिन, इंतजार करते समय, यह जानने की बाक बार इच्छा होती, कि यह कब खत्म होगा, और यह भावना, हमारा ध्यान बार बार समय की तरफ ले जाता है, जिससे मिनट और घंटे ऐसा महसूस होते हैं, जैसे वे खींच रहे हों। तनाव और बेचैनी इस प्रभाव को बढ़ा देती है, जिससे कठिन परिस्थितियों में इंतजार और भी लंबा लगता है। अंतरिक्ष यात्रियों के लिए सामान्य इंसानों की तरफ स्पेस में नॉर्मल जिंदगी जीना संभव नहीं होता है और उनके लिए अपने दोस्तों और परिवार के लोगों से भी बात करना काफी मुश्किल हो जाता है। जो उनके इंतजार को और भी ज्यादा लंबा बना देता है। हालांकि, चरम वातावरण में समय की धारणा पर रिसर्च ने वैज्ञानिकों को कुछ जानकारियां प्रदान की हैं।

मानव मनोविज्ञान और जीव विज्ञान का अध्ययन करने वाले शिक्षाविदों ने अंटार्कटिक अनुसंधान स्टेशनों में चालक दल के सदस्यों के साथ चल रहे शोध किए हैं। इन अध्ययनों का उद्देश्य यह समझना है, कि चरम वातावरण में इंतजार सामान्य दैनिक जीवन के दौरान इंतजार से अलग है या नहीं। वैज्ञानिक अक्सर अंटार्कटिका जैसे चरम वातावरण में लंबे समय तक अलग-थलग जीवन बिताते हैं। इंस्टिट्यूटो एंटार्टिको अर्जेंटिनो, फ्रेंच पोलर इंस्टीट्यूट और इतालवी अंटार्कटिक कार्यक्रम जैसे संगठन जमे हुए महाद्वीप पर शोध करने के लिए 16 महीने तक चालक दल भेजते हैं। मार्च से अक्टूबर तक ध्रुवीय सर्दियों के दौरान, टीमों को लगभग अंधेरा और चरम मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ता है।

सीमित इंटरनेट कवरेज इन क्रू को बाहरी दुनिया से और अलग करता है। पिछले एक साल में, शोधकर्ताओं ने अध्ययन किया है, कि अंटार्कटिका में जीवन, लोगों के समय के अनुभव को कैसे प्रभावित करता है।

## फिलीपीन में पंजाबी युवक की मौत

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपीन की राजधानी में मनीला में एक पंजाबी युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय कीमती लाल के रूप में हुई है, जो जालंधर जिले के शाहकोट विधानसभा क्षेत्र के कस्बे लोहियां खास मन्याला का निवासी था। कीमती लाल करीब छह साल पहले बेहतर रोजगार की तलाश में मनीला गया था। कीमती लाल के परिवार ने बताया कि पिछले दिन एक दर्दनाक सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। किसी गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी हालत बेहद नाजुक हो गई थी। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। आज जब राखी से पहले कीमती लाल का शव उसके घर पहुंचा, तो परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि कीमती लाल अपनी दो बहनों का इकलौता भाई था और नवंबर में उसकी शादी होने वाली थी। शादी की खुशियां घर में आने से पहले ही मातम छा गया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129